# देशबन्धु

वर्ष – 8 I अंक–288 I सागर, शनिवार, 9 दिसम्बर 2023 I पृष्ठ –8 I मूल्य – 3.00 रुपए



दौड़ रहे खटारा वाहन, बिना टैक्सी परमिट के चल रही लग्जरी कारें — पृष्ठ 3

▪ न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय से वंचित रखना है
▪ पांच राज्यों के चुनाव परिणाम : नतीजों के निहितार्थ — पृष्ठ 4

▪ यादवेन्द्र सिंह के विधायक बनने के बाद समर्थकों ने निकाला जुलूस — पृष्ठ 6

मॉक पोल के मतों को बिना घटाये कराया गया मतदान, शिकायत के बाद भी नहीं कराई वीवी पेड की गिनती: सुरेन्द्र चौधरी — पृष्ठ 8


### पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप, कमेटी की सिफारिश मंजूर

# महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म




**नई दिल्ली, देशबन्धु।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के आरोप में शुक्रवार को सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इससे पहले सदन में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट पर चर्चा के बाद उसे मंजूरी दी गई, जिसमें मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। हालांकि महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने के लिए सदन में वोटिंग शुरू होते ही विपक्ष ने बॉयकॉट कर दिया। वोटिंग के बाद लोकसभा स्पीकर ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ निष्कासन प्रस्ताव पास कर दिया।

इससे पहले भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली आचार समिति ने गत नौ नवम्बर को अपनी एक बैठक में महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश वाली रिपोर्ट को स्वीकार किया था। समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था। इनमें कांग्रेस से निलंबित सांसद परणीत कौर भी शामिल थीं। समिति के चार विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति जताई थी। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को फिक्स्ड मैच करार दिया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे शिकायत में कोई भी दम नहीं है।

समिति ने 500 पेज की रिपोर्ट बनाई थी। इसमें संसद की गरिमा को बचाने व राष्ट्रीय सुरक्षा को महत्व देने के लिए कई अहम सिफारिश की गई थीं। महुआ पर रिश्वत ले कर अदाणी समूह के खिलाफ कारोबारी हीरानंदानी को लाभ पहुंचाने के लिए सवाल पूछने के आरोप हैं। खुद महुआ ने स्वीकार किया था कि उन्होंने संसद में सवाल पूछने के पोर्टल से जुड़ी अपनी आईडी–पासवर्ड साझा किए थे। हीरानंदानी ने महुआ को रिश्वत देने की बात स्वीकारी थी। विपक्ष विशेषकर तृणमूल कांग्रेस ने आसन से कई बार यह ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### 'कंगारू अदालत' ने बिना सबूत मुझे सजा दे दी : महुआ

तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को लोकसभा से अपने निष्कासन की तुलना 'कंगारू अदालत' द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। लोकसभा की आचार समिति की सिफारिश पर सदन की सदस्यता से निष्कासित किये ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### इनका कहना है

*सदन में अपने प्रश्न खुद बनाएं और खुद ही प्रस्तु करें। कोई दूसरा आपकी जगह ऐसा नहीं कर सकता अगर ऐसा होता है तो सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए कुछ सख्त फैसले लेने होंगे : **ओम बिरला,** लोस अध्यक्ष*

*महुआ को बोलने का मौका भी नहीं दिया गया यह किसी भी रूप में न्याय नहीं। वह परिस्थितियों की शिकार हैं। भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। जनता भाजपा को जवाब देगी। तृणमूल कांग्रेस इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी : **ममता बनर्जी***

*कोट.आधारहीन तथ्यों के आधार पर बदले की भावना से महुआ को लोक सभा से बर्खास्त किया गया है। ऐसा लगता है रिपोर्ट ढाई मिनट में किसी ने तैयार कर दी हो : **रंजन चौधरी,** कांग्रेस नेता।*

## फैक्ट्री में आग से 6 महिला मजदूरों की मौत

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के पिंपरी चिंचवड में फायर कैंडल बनाने वाली एक फैक्ट्री के गोदाम में आग लग लग गई। इस हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। मृतकों में सभी 6 महिलाएं हैं। घायलों को पिंपरी चिंचवड के वाईसीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त शेखर सिंह ने बताया कि अभी तक मृतकों का पहचान नहीं हो सकी है। आग इतनी भीषण थी कि मजदूरों को भागने का मौका तक नहीं मिला। वहीं, आग बुझाने में दमकल की 6 गाड़ियां लगानी पड़ीं। यह फैक्ट्री देहुरोड पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आती है। फैक्ट्री में बर्थडे पार्टी की फायर कैंडल बनाई जा रही थीं। यह भी जानकारी मिल रही हैं कि फैक्ट्री बिना लायसेंस के ही चलाई जा रही थी।

## कच्छ में महसूस हुए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के कच्छ में शुक्रवार की सुबह नौ बजे के करीब भूकंप के झटके महसूस हुए। नेशनल सेंटर फॉल सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार रेक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 दर्ज की गई है। कच्छ के अलावा कर्नाटक के विजयपुर जिले में 3.1 की तीव्रता से भूकंप आया। एनसीएस की डेटा के अनुसार शुक्रवार की सुबह 6:52 बजे क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके 10 किमी की गहराई पर आया। शुक्रवार की सुबह 3.8 की तीव्रता से मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग और उससे जुड़े क्षेत्रों में भुकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं दी गई है। भूकंप के झटके शहर के दक्षिण–पश्चिम में मॉफलंग इलाके में 14 किमी की गहराई पर आया।

### सोमवार को भोपाल में होगी भाजपा विधायक दल की बैठक

# मप्र के लिए खट्टर, लक्ष्मण और आशा को बनाया पर्यवेक्षक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा को मध्यप्रदेश का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

बताया गया है कि सोमवार शाम 7 बजे भोपाल में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें नेता का चयन किया जाएगा। पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को राजस्थान, तथा केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल और पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को छत्तीसगढ़ के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह पर्यवेक्षक अपने–अपने नामित राज्यों में भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव कराएंगे जो राज्य का मुख्यमंत्री पद संभालेंगे।

### 2 उपमुख्यमंत्री भी होंगे

सूत्रों के अनुसार पार्टी ने मध्यप्रदेश में 2 उपमुख्यमंत्री भी बनाने का फैसला लिया है। इसके लिए विष्णुदत्त शर्मा, राकेश सिंह, ओमप्रकाश धुर्वे, जगदीश देवड़ा और निर्मला भूरिया के नाम भी लिए जा रहे हैं। इनमें से ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### मुख्यमंत्री चयन को लेकर बोले पटेल

## देरी की कोई बात नहीं

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा पहुंचे प्रहलाद पटेल ने मीडिया से मुख्यमंत्री चयन को लेकर हो रही देरी पर कहा कि देरी की कोई बात नहीं है। पांच राज्यों को लेकर फैसले होने हैं। इसलिए समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं मणिपुर का प्रभारी था, तब भी समय लगा था। पटेल ने कहा कि फिलहाल लोकसभा भी चल रही है। इसलिए भी समय लग रहा है। देरी जैसी कोई बात नहीं है। कोई सदन छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि सिर्फ संख्या बल और नियमों का फर्क होता है। अगर ईश्वर ने चौकीदारी का काम दिया है तो चौकीदारी ही करनी चाहिए, इसका पदोन्नति से कोई लेना–देना नहीं। सदन सदन होता है।



***मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से शुक्रवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं नरसिंहपुर से निर्वाचित विधायक प्रहलाद पटेल ने भेंट की।***

### इनके नाम की चर्चा

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया, विष्णुदत्त शर्मा के नाम चर्चा में हैं। हालांकि श्री चौहान और श्री शर्मा साफ कर चुके हैं कि वे मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं। बावजूद इसके शिवराज, पटेल और तोमर के नाम सामने आए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी नये चेहरे पर भी दांव लगा सकती है, इसके लिए प्रहलाद पटेल का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। यह भी संभावना है कि नरेन्द्र सिंह तोमर को प्रदेश की कमान दी जाए। यदि पटेल को मुख्यमंत्री बनाया गया तो ऐसे में नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनाया जा सकता है और कैलाश विजयवर्गीय को उपमुख्यमंत्री का दायित्व मिल सकता है।

# लालदुहोमा ने ली मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ



### 2 कैबिनेट मंत्री भी बने, 4 साल पुरानी जेडपीएम पार्टी सत्ता में

**आइजोल, एजेंसी।** जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने शुक्रवार को मिजोरम के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने राजधानी आइजोल में राजभवन परिसर में लालदुहोमा और अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले गत बुधवार को ही लालदुहोमा ने राज्यपाल से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश कर दिया था।

जेडपीएम ने राज्य की 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल कर एमएनएफ और कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। पूर्व आईपीएस लालदुहोमा ने जोराम नेशनलिस्ट पार्टी नाम से एक दल बनाया, जिसके जरिए वे राज्य की राजनीति में सक्रिय हुए। वहीं दूसरी ओर, राज्य के पांच अन्य छोटे दलों के साथ लालदुहोमा की पार्टी ने गठबंधन कर लिया। जिसके बाद वह गठबंधन राजनीतिक पार्टी में तब्दील हो गया, जो 2017 में जेडपीएम पार्टी के नाम से अस्तित्व में आया। मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी जेडपीएम के अध्यक्ष लालदुहोमा मिजोरम के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। एक स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, 1972 से 1977 तक लालदुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री के प्रधान सहायक के तौर पर काम किया था। अपनी स्नातक की पढ़ाई के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा दी। 1977 में आईपीएस बनने के बाद उन्होंने गोवा में एक स्क्वाड लीडर के तौर पर काम किया। तैनाती के दौरान उन्होंने तस्करों ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

## हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द : सुक्खू

**शिमला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि मंत्रिमंडल विस्तार इसी साल होगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मंत्रिमंडल में खाली पड़े पदों को भरा जाएगा। विधानसभा में पार्टी की ओर से दी गई दस गारंटियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन गारंटियां पूरी कर दी है। सरकार बनते ही सबसे पहले एनपीएस कर्मचारियों को ओपीएस लागू किया गया। प्रदेश के बेरोजगारों के लिए स्टार्टअप योजना शुरू की गई है। 680 करोड़ की स्टार्टअप योजना के तहत प्रदेश सरकार ई–टैक्सी खरीदकर देगी और सभी टैक्सियां सरकारी विभागों में सेवाएं ली जाएंगी। तीसरी गारंटी के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इंग्लिस मीडियम स्कूल खोलने को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी सरकार के पास चार साल का समय है और चरणबद्ध ढंग से सभी गारंटियां पूरी की जाएंगी। मंत्रिमंडल में तीन पद रिक्त पड़े हैं प्रदेश मंत्रिमंडल में मंत्रियों के तीन पद रिक्त पड़े हुए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि क्षेत्रीय और जातिगत संतुलन बिठाते हुए नए मंत्रियों के नाम तय होंगे। प्रदेश ▪ शेष पृष्ठ 5 पर






### दुष्कर्म के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की भाषा पर जताई आपत्ति

# फैसला देते समय अपने विचार न रखें जज

### हाईकोर्ट ने कहा था, किशोरियां यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुष्कर्म के एक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की भाषा पर सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के कुछ हिस्से बेहद आपत्तिजनक और अनुचित हैं।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने इस पर संज्ञान लेते हुए आपत्ति जताई। बेंच ने कहा कि जज से उम्मीद नहीं की जाती है कि वे फैसला सुनाते वक्त अपने विचार व्यक्त करें। दरअसल कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि किशोर लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं को नियंत्रण में रखना चाहिए और दो मिनट आनंद के फेर में नहीं पड़ना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की भाषा के इस्तेमाल को आपत्तिजनक बताया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के एक मामले में फैसला



सुनाते हुए कहा था किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को जारी किया नोटिस


सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वह अपने निजी विचार साझा करें या भाषण दें। यह पूरी तरह से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उललंघन है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई की और राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या वह हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुनवाई करेंगे।

## अनुच्छेद 370 पर फैसला सोमवार को

उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाएगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच सितंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने दो अगस्त 2023 को याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें सुननी शुरू की थीं। शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने याचिकाकर्ताओं, उत्तरदाताओं–केंद्र और अन्य– सभी की दलीलें सुनीं।

# पंचकल्याणक के चौथे दिन भगवान का तप कल्याण मनाया

मोक्ष कल्याणक पर आज रथोंत्सव, कल होगा महामस्ताभिसेक, नीलांजना की मृत्यु को देखकर हुआ प्रभु को वैराग्य





**शाहगढ़, देशबन्धु।** सिद्ध क्षेत्र नैनागिरि पंचकल्याणक महोत्सव में चौथे दिन शुक्रवार को भगवान का तप कल्याणक भारी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। तपकल्याणक के दिन भगवान आदिनाथ ने संसार के धन वैभव को त्याग कर दिगम्बर जैन मुनि दीक्षा धारण की। इन वैराग्यामयी क्षणो को देखने के लिये सम्पूर्ण अंचल के हजारो भक्तगण पहुचे। अयोध्या के महाराज राजाधिराज आदिनाथ प्रभु को राज्यसभा मे नृत्य कर रही नीलांजना नामक देवी की क्षण मात्र मे मृत्यु का क्षणभंगुरता को प्रगट करने वाले दृश्य को देखकर तत्क्षण वैराग्य उत्पन्न हुआ और प्रयागराज के वटवृक्ष के नीचे प्रभु ने महावैभव के साथ पहने वस्त्राभूषण का त्याग कर दिगंबर मुनि दीक्षा धारण की। धर्मसभा में गणाचार्य विराग सागर ने दीक्षा कल्याणक की महिमा का बखान करते हुए कहा कि धन्य है वे महापुरूष जो संसार की असारता त्याग कर मोक्ष का पुरूषार्थ अर्थात संयम पथ को अंगीकार कर कष्टों मे भी मुस्कराते हुये दिखाई देते है। ऐसे ही महापुरूष प्रभु आदिनाथ ने जीवन की सच्चाई को जान कर वैराग्य मार्ग को अपनाया। भगवान आदिनाथ की आहार चर्या हुई।

### मोक्ष कल्याणक पर आज रथोंत्सव, कल होगा महामस्ताभिसेक

शुक्रवार को भगवान आदिनाथ की दीक्षा का वैराग्यमय प्रसंग को देख जन समुदाय भावुक हो गया। अयोध्या बनी नेनागिरी तीर्थ की देशना स्थली पर विराजमान गुरुदेव विराग सागर का 41 वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया गया यहां स्थापित हो रही अष्ट धातु की विराजमान विशालकाय अष्टधातु की पद्मासन प्रतिमाये पंचकल्याणक में प्रतिष्ठित हो कर भगवतदशा को प्राप्त करेगी। मीडिया प्रभारी प्रकाश जैन अदावन ने बताया कि नैनागिरी पावन घरा पर जैन धर्म के तेईसवे तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का समोशरण आया एवं भाव्यात्माओ ने दिव्य देशना श्रवण कर अपने कर्मनिर्जरा की थी। शनिवार को प्रभु का मोक्षकल्याणक सम्पन्न होने के उपरांत भगवान की प्रतिमा पूज्य हो जायेगी। दोपहर में रथ यात्रा निकलेगी, नवनिर्वाचित बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार, मलहरा विधायक रामसिया भारती सहित पूर्व विधायक सुधा जैन आदि ने आयोजन में शामिल होकर अपनी सहभागिता दी और आचार्य श्री से आशीर्वाद लिया।

## महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** विकासखंड के पीजी कॉलेज में महिला हिंसा विरोधी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें आवाज संस्था की जिला समन्वयक मालती पटेल द्वारा साइबर अपराध एवं महिलाओं पर अपराध के विभिन्न स्वरूपों को विभिन्न स्थानों पर किस प्रकार से होते हैं साझा किया आसपास के कुछ विशेष उदाहरण के माध्यम से युवाओं के समक्ष रखा गया और इस कार्यशाला की सफलता तभी होगी जब हमारे सभी युवा साथी अपने जीवन में इसके उद्देश्य को सकारात्मक रूप देते हैं। यह कार्यक्रम पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में हुआ, कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद रफीक सैफ द्वारा किया गया एवं डॉ. एमएल सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सराहना की और इस तरह के कार्यक्रम आगामी समय में करते रहने को कहा। कार्यक्रम में गौरव नायलवाल, प्रदीप चौधरी, जितेंद्र खंडेराव और छात्र छात्राएं तथा आवाज संस्था से ब्लॉक समन्वयक महेश कुमार, वर्षा रोहित, जसवंत अहिरवार आदि शामिल रहे।

## भगवान श्री राम और माता जानकी का विवाहोत्सव धूमधाम मनाया जायेगा



**बीना, देशबन्धु।** भगवान श्रीराम और जानकी का विवाहोत्सव श्रीरामनाम सिद्ध पीठ खिरिया वार्ड में धूमधाम से मनाया जा रहा है और रस्मों की शुरुआत हो चुकी है। हर रस्म को धूमधाम से किया जा रहा है, जिससे शहर में धार्मिक माहौल बना है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। 17 दिसंबर को भगवान की चक्रवर्ती महाबारात निकाली जाएगी। गुरुवार को माता जानकी की गोद भराई हुई। भगवान श्रीराम की ओर से राजा सोनी गोद भराई का सामान धूमधाम से लेकर पहुंचे। भक्त नाचते हुए कच्चा रोड से लिंक रोड, सर्वोदय चौराहा होते हुए श्रीराम नाम सिद्ध पीठ पहुंचे और इस दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया। इसके बाद मंदिर में श्रीरामनाम महाराज ने सभी रस्में पूरी कराईं। महिलाओं ने मंगलगीत भी गाए और शाम को प्रसाद वितरित किया गया। भगवान के विवाह की रस्मों को देखने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शहर में सर्वोदय चौराहा व गांधी तिराहा पर भव्य स्वागत द्वार तैयार किए जा रहे हैं।

## डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने तक चलेगी मुहिम



**सागर, देशबन्धु।** हजारो वर्षो पहले महाभारत के दानवीर कर्ण का नाम सम्मान से लिया जाता है जहा भी दानवीर का नाम लिया जाता है तो कर्ण का ही सबसे पहले नाम लिया जाता लेकिन बुन्देलखंड के दानवीर डॉ. हरीसिंह गौर जिन्होंने दानवीर कर्ण जैसा शिक्षा के क्षेत्र में सब कुछ दान कर सागर में विश्वविद्यालय की स्थापना कर आज के युग के दानवीर डॉ. हरीसिंह गौर नाम किसी की पहचान का मुहताज नहीं है लेकिन आज डॉ. हरीसिंह गौर जिस सम्मान के अधिकारी थे वो आज भी उन्हे नहीं मिला। पुलिस विभाग एवं पुलिस परिवार कल्याण संघ की गणेश एंजोयरा मैरिंज गार्डन में बैठक का आयोजन रखा गया जिसमें सभी पदाधिकारियो की सहमति से निर्णय लिया गया की बुन्देलखंड के दानवीर डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने तक संगठन मुहिम शुरू कर रहा है और जब तक भारत रत्न नहीं मिलेगा जब तक ये मुहिम सतत चलती रहेगी संगठन के सभी पदाधिकारीयो ने इस मुहिम में शुरुआत में तन मन धन से हर संभव मदद करने की पहल की है। मुहिम के प्रथम चरण में लाखो पोस्ट कार्ड राष्ट्रपति को भेजकर भारत रत्न दिलाने की मांग की जाएगी। अगले चरण में संगठन बहुत बडे आन्दोलन की रूपरेखा तैयार करेगा बैठक में आईटीसेल राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र राज, संभाग अध्यक्ष बद्री प्रसाद भारद्वाज, जिला अध्यक्ष राजाराम पाराशर, नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र नायक, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल पाराशर के साथ राजेन्द्र सिंह ठाकुर गभिरिया, मोहनलाल राठौर, नरेंद्र कटारे, रामेश्वर दुबे, राजेन्द्र सिंह धोषी, कमलेश बिल्थरे, राजेन्द्र साहनी, पप्पू यादव, सुधीर द्विवेदी आदि बडी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अखिल भारतवर्षित दिगंबर जैन महिला परिषद की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षित दिगंबर जैन महिला परिषद महावीर शाखा की मासिक मिलन बैठक मंगलगिरी तीर्थ क्षेत्र पर आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में अनुश्री जैन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारती के मंगलाचरण के साथ शुरुआत हुई। इस विशेष कार्यक्रम में सभी परिषद के सदस्यों द्वारा जरूरतमंदों के लिए व्हील चेयर भी भेंट की। कार्यक्रम का संचालन संचालन सुनीता पडवार ने किया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि अनुश्री जैन के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शकुंतला जैन, प्रांतीय सचिव ममता अरविंद, प्रांतीय सहसचिव ममता प्रमोद, संभागीय अध्यक्ष वर्षा, संभागीय सचिव कविता, प्रांतीय प्रभारी किरण एवं क्षमा प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी अलका, शाखा अध्यक्ष दीपशिखा राजीव जैन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार शाखा अध्यक्ष दीपशिखा द्वारा व्यक्त किया गया।

## कलयुग में गोपी गीत कल्पवृक्ष के समान फल देने वाला है: देवेंद्र दुबे



**केसली, देशबन्धु।** सत्संग भवन में सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पं. देवेंद्र दुबे शास्त्री जैतपुर कोपरा वालों के मुखारविंद से भक्तो को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। महारास लीला का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान ने रासलीला जीव से जीव का मिलन, परमात्मा से आत्मा का मिलन के लिए किया था। अनंत जन्मों से जीव भगवान के मिलन से दूर हो गया था कई जन्मों की तपस्या के बाद यह समय आया। किसी से किसी में भेद नहीं रहा महारास में सभी तपस्वी गोपियों की आत्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि कलयुग में गोपियों की स्तुति गोपी गीत कल्पवृक्ष के समान फल देने वाला है जो व्यक्ति भगवान को अपने हाथ से चंदन घिसकर एवं अपने हाथ से फूलमाला बनाकर पहनाता है उसके घर में कभी संपदा की कमी नहीं होती। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया। धूमधाम से भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी का विवाह हुआ। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदीयों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी की जीवंत झांकी सजाई। कथा की मुख्य अजमान राम रानी स्व. महेश प्रसाद गोस्वामी, सोनम रामनरेश गोस्वामी हैं। सभी धर्म प्रेमियों से श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## नेशनल लोक अदालत आज, 44 खंडपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**सागर, देशबन्धु।** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज शनिवार को जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय और सभी तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रकरण, बैंक व मनी रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, श्रम व रोजगार विवाद प्रकरण, विद्युत और जल कर, बिल संबंधी सिर्फ शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी आदि मामले रखे जाएंगे। इसके साथ ही प्रीलिटिगेशन मुकदमा पूर्व के तहत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रकरण, ई.ट्रैफिक चालान संबंधी प्री.लिटिगेशन प्रकरण, मनी रिकवरी संबंधी मामले, श्रम विवाद संबंधी मामले, विद्युत और जल कर, बिल संबंधी सिर्फ शमनीय प्रकरण, दूरसंचार के बकाया लैंडलाइन, मोबाइल बिल संबंधी प्रकरण, आपराधिक शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी आदि मामलों में पक्षकारों की आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण कराने का प्रयास किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में जिला और तहसील स्तर पर 44 खंडपीठों का गठन किया गया है। पक्षकार उपरोक्त प्रकार के विवादों का आपसी सहमति से नेशनल लोक अदालत में निराकरण कराना चाहते हैं तो वे संबंधित न्यायालय या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तहसील विधिक सेवा समिति से संपर्क कर सकते हैं।

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अभियान की हुई बैठक



**बांदरी, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर बांदरी में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम के नव निर्मित राजभवन में आगमन और प्राण प्रतिष्ठा हेतु सघन गृह संपर्क अभियान की वृहद योजना बैठक की गई। जिसमें नगर के सभी रामभक्त गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में अयोध्या से आये अक्षत कलश जिनको लेकर रामभक्त हर ग्राम नगर परिवार घर तक समाज को आमंत्रण देने जाएंगे। बैठक में अक्षत मंगल कलश की भव्य शोभा यात्रा करने की योजना की गई। इस दौरान जिला संयोजक धर्मेंद्र राय ने कहा कि इस अभियान कार्य में छोटी सी गिलहरी के रूप में कार्य करना है। प्रत्येक हिंदू के मन में श्रीराम के आदर्शों की स्थापना करना, मंदिर निर्माण के लिए प्रत्येक हिंदू की सहभागिता हो, प्रत्येक हिंदू परिवारों में जाकर संपर्क करना है। वही खंड संयोजक सुरेंद्र लोधी ने कहा कि 22 जनवरी को समस्त हिंदू पुन: दीपावली मनाने का आवाहन किया। बैठक में बांदरी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह सहित अभियान के जिला एवं खंड संयोजक सहित सैंकड़ों रामभक्त उपस्थित थे।

## पंजाब मेल में यात्री की तबीयत बिगड़ने पर बीना मे उतार कर अस्पताल में कराया भर्ती



**बीना, देशबन्धु।** पंजाब मेल ट्रेन के स्लीपर कोच में यात्रा कर रहे एक यात्री की तबीयत बिगड़ गई। उसे बेहोशी की हालत में बीना रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। उसे एंबुलेंस से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रेन नंबर 12137 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-फिरोजपुर पंजाब मेल एक्सप्रेस ट्रेन के कोच एस.2 की गैलरी में एक यात्री बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। यात्रियों ने इसकी जानकारी ट्रेन में चलने वाले स्टाफ को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ पुलिस प्लेटफार्म नंबर 5 पर पहुंची और ट्रेन से यात्री की बेहोशी की हालत में उतारा। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान होश आने पर उसने अपना नाम सरमन पिता भोले अहिरवार 56 निवासी करहद थाना जैसीनगर जिला सागर बताया। वह मुंबई के दादर स्थित शिवाजी पार्क में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। वहां से ट्रेन से लौटकर घर जा रहा था, इसके बाद उसे कुछ पता नहीं है और अस्पताल में होश आया है।

## नेशनल लोक अदालत में आज जलकर और संपत्ति कर के अधिभार में मिलेगी छूट

**सागर, देशबन्धु।** आज दिन शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में शासन के निर्देशानुसार निगम के बकाया संपत्ति कर एवं जलकर के अधिभार में छूट दी जा रही है जो केवल एक दिन ही दी जायेगी। जिसको देखते हुए निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने नागरिकों को बकाया निगम कर जमा करने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम कोषालय में पांच काउंटर चालू रखने के राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए हैं, यह काउंटर लोक अदालत प्रारंभ होने से समाप्ति तक चालू रहेंगे ताकि नागरिक आसानी से अपना बकाया कर जमा कर अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ सकें। जलकर दस हजार तक बकाया जलकर के अधिभार मे 100 प्रतिशत की छूट। दस हजार से अधिक तथा पचास हजार तक बकाया जलकर के अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। पचास हजार से अधिक बकाया जलकर के अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट। संपत्तिकर पचास हजार तक के बकाया संपत्तिकर के अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट। पचास हजार से अधिक तथा एक लाख तक बकाया संपत्तिकर के अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट। एक लाख से अधिक संपत्तिकर के अधिभार में 25 प्रतिशत की का लाभ सकेगे।

नगर निगम ने बढ़ती ठंड को देखते हुए शहर में लगाए अलाव

# स्टेशन पर आने वाले राहगीरों के लिए अलाव की व्यवस्था की है: शैलेश केसरवानी



**सागर, देशबन्धु।** शहर में इन दिनों कड़ाके की ठंड की ओर बढ़ रहा है आम लोगों के जनजीवन पर असर पड़ रहा है। कड़ाके के ठंड को मद्देनजर रखते हुए। शहर के चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ियों की व्यवस्था कराई गई। नगर पालिक निगम द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर लकड़ियां वितरित कर अलाव जलाए गए हैं। अलाव जलने से गरीबों सहित आमजन, व्यापारियों एवं सभी लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिल रही है। इस दौरान शैलेश केशरवानी शहर के विभिन्न अलाव पॉइंट पर पहुंचकर जानकारी ली। श्री केशरवानी ने कहा कि जब तक शहर में ठंड पड़ेगी, शहर में नगर निगम द्वारा अलाव जलवाए जाएंगे। किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। इसके साथ ही मुख्य रूप से स्टेशन पर अलाव लगाए गए हैं क्योंकि स्टेशन पर देर रात्रि तक ठंड में राहगीर आते जाते रहते हैं। जिनकी परेशानियों को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि अभी शहर के प्रमुख स्थानों पर अलाव लगाए गए हैं। आगे भी जहां जरूरत होगी वहां अलाव की व्यवस्था की जावेगी। इस दौरान रेलवे व्यापारी यूनियन के सभी सदस्यों ने ठंड में राहगीरों के लिए उचित सुविधा मुहैया कराने एवं यात्रियों का सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर विष्णु साहू, अनिल साहू, अब्बी साहू, टिंकू केसरवानी, नईम खान, पवन केसरवानी, सुदीप केशरवानी, वीर सेन, मोना केशरवानी, सतपाल केशरवानी, तिलक तिवारी, पप्पू चौकसे, भगगी रैकवार, हरिओम केसरवानी, संजू चौरसिया गज्जू ठाकुर, बसंत केसरवानी, मनोज हरजानी, कल्लू चौरसिया, विनोद सेन, राजेंद्र जानी, किशन सेन, रवि चौधरी, सेलू केशरवानी, आशु चौरसिया सहित बड़ी संख्या में रेलवे यूनियन के व्यापारीगण एवं राहगीर उपस्थित रहे।

# आदर्श आचार संहिता समाप्ति के बाद तत्काल वापस होंगे जप्तशुदा शस्त्र: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचार संहिता के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कार्य के द्वारा जिले के सभी लाइसेंस धारी व्यक्तियों से अपने-अपने शस्त्र संबंधित स्थान में जमा करने का आदेश दिया गया था, जिसके तहत सभी शस्त्र लाइसेंस धारी द्वारा अपने शस्त्र संबंधित थानों में जमा किए गए थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के द्वारा आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया था कि जप्त शुदा शस्त्र सुरक्षित अभीरक्षा में रखा जावे। विधानसभा निर्वाचन 2023 की परिणामों की घोषणा के तत्काल बाद बिना किसी आदेश की प्रतीक्षा किए जप्त शुदा शस्त्र वापस किया जावे। शस्त्र जमा करने वाले शास्त्रधारियों को विधिवत उचित रसीद प्रदान की जावे एवं रसीद प्रस्तुत करने पर उनके शस्त्र वापस किये जावे।

### झुलसा रोग से प्रभावित टमाटर की फसल के लिए कलेक्टर ने दिए सर्वे और जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने झुलसा रोग से टमाटर की फसल पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव के लिए सर्वे कराकर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उपसंचालक कृषि की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। जिसमें बीएल मालवीय उपसंचालक कृषि, डीपी चक्रवर्ती अधीक्षक भू अभिलेख, केएस यादव समन्वय कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ. आशीष त्रिपाठी समन्वय कृषि विज्ञान केंद्र 2, आरडी चौबे संचालक उद्यानिकी एवं संबंधित तहसीलदार शामिल हैं। कलेक्टर श्री आर्य ने निर्देश दिए हैं कि यह जांच दल टमाटर की फसल में मावठे की वजह से झुलसा रोग से हुए नुकसान के संबंध में संपूर्ण जिले में सर्वे कराकर आज ही जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिये आवेदन 31 दिसंबर तक

**सागर, देशबन्धु।** मत्स्योद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये आवेदन 31 दिसंबर तक आमंत्रित किये गये है। भारत शासन द्वारा संचालित योजना में जन सामान्य, मत्स्य कृषकों, महिला उद्मियों आदि के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना प्रारंभ की गयी है, जिसमें तालाब निर्माण, मत्स्य बीज संवर्धन क्षेत्र विकास, हेचरी निर्माण, वायोफलाक्स, केज कल्चर, कियोस्क निर्माण, फिशफीड मिल, आईस प्लांट, कोल्ड स्टोरेज एवं मत्स्य परिवहन के लिए मोटर साइकिल, थ्री व्हीलर आपे, इंसूलेटेड वेन आदि शामिल है। योजना से संबंधित जानकारी के लिए जिला कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग मे संपर्क किया जा सकता है।

## सार समाचार

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को जिला मुख्यालय छतरपुर में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस गरिमापूर्णढंग से मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जीआर को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर राम विशाल यादव (से.नि.) ने लेपल पिन लगाया। कलेक्टर ने सभी पूर्व सैनिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सैनिक कल्याण अधिकारी को सैनिकों के सम्मान और कल्याण के लिए अधिक से आधिक सहायता राशि प्राप्त करने का परामर्श दिया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में उपस्थित अन्य विभागों के।अधिकारियों और कर्मचारियों को भी लेपल पिन व टोकन फ्लैग लगाकर सभी से सहयोग राशि एकत्रित की गई।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया

छतरपुर, देशबन्धु। गुरुवार को जिला मुख्यालय छतरपुर में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस गरिमापूर्णढंग से मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जीआर को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर राम विशाल यादव (से.नि.) ने लेपल पिन लगाया। कलेक्टर ने सभी पूर्व सैनिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सैनिक कल्याण अधिकारी को सैनिकों के सम्मान और कल्याण के लिए अधिक से आधिक सहायता राशि प्राप्त करने का परामर्श दिया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में उपस्थित अन्य विभागों के।अधिकारियों और कर्मचारियों को भी लेपल पिन व टोकन फ्लैग लगाकर सभी से सहयोग राशि एकत्रित की गई।

परिवहन विभाग की लापरवाही

# दौड़ रहे खटारा वाहन, बिना टैक्सी परमिट के चल रही लग्जरी कारें



◆ **बिना परमिट व फिटनेस के चल रहे वाहनों पर नहीं की जा रही कार्रवाई**

**छतरपुर, देशबन्धु।** आरटीओ विभाग की लापरवाही से सडक पर दौड रहे खटारा वाहन लोगों की जान के लिये खतरा बने हैं। जिले में बिना परमिट और फिटनेस के सडकों पर दौड़ रहे सैकडों वाहनो पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शहर सहित पूरे जिले में इन दिनों बिना परमिट और जुगाड़ वाला फिटनेस प्रमाणपत्र लेकर वाहन रफ्तार से दौड रहे हैं।इन्हें रोकने की जरूरत न अधिकारी समझ रहे हैं न इन पर परिवहन विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है। ऐसे तमाम वाहनों से शासन के राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। वहीं परिवहन विभाग के अधिकरियों और कर्मचारियों की खटारा वाहन चलाने वालों से मिलीभगत चल रही है। अनफिट होने पर भी कई वाहनों को फिटनेस बड़े आराम से दे दी जाती है। जिससे सैकडों की संख्या में खटारा वाहन सड़कों में फर्राटा भर रहे है। ये वाहन सवारियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। देखने में आता हे कि कई ऐसे वाहन सडक पर चल रहे हैं जिनकी पूरी बाडी हिलती है और आवाज करती है। पंप से धुंआ ज्यादा निकल रहा है, सीटें खराब हो चुकी हैं। टूटे हुए कांच लगे हैं, पीछे जहां सीढी लगी होती है वहां के कांच को स्थाई रूप से बंद करके रखा गया है। इसके बावजूद ऐसे सभी वाहन आरटीओ में तय रकम देकर पूरी तरह सही फिटनेस का प्रमाण पत्र आसानी से पा लेते हैं। ये सब परिवहन विभाग में बडे तरीके से किया जाता है। जिससे भले ही सरकार को लाखों रूपये का नुकसान हो जाये या यात्रियों को हादसे का खामियाजा भोगना पडे। मगर अधिकारी और कर्मचारियों के साथ वाहन मालिक मलाई खाने से नहीं चूक रहे हैं। ये भी बता दें कि नियम के अनुसार स्टैंड पर वाहन खड़े करने वाले संचालकों के पास फिटनेस, परमिट या टैक्सी परमिट होना अनिवार्य हैं। तभी निजी या रुट पर वाहनों को चलाया जा सकता हैं। लेकिन वर्तमान में सैकडों वाहन संचालकों के पास टैक्सी परमिट नहीं है। बिना टैक्स जमा किए वाहन संचालक न केवल रूट और निजी तौर पर मनमाना किराया यात्रियों से वसूला जाता है।

### लग्जरी गाड़ियों से लगाया जा रहा करोडो रूपये का चूना

बिना आरटीओ परमिट के जिले की ट्रैवल्स एजेंसियों से जुड़ी लग्जरी गाडियां विभाग को हर माह करोड़ों रुपये का चूना लगा रही हैं। जिले के 90 फीसदी वाहन मालिक प्राइवेट रजिस्ट्रेशन कराकर वाहनों का कामर्शियल इस्तेमाल कर रहे हैं। इनमें से काफी संख्या में वाहन सरकारी विभागों में भी लगे हैं। जानकारी के अनुसार जिले में छोटी कार और जीप, बोलेरो, मार्शल, इनोवा, क्वालिस और स्कार्पियो जैसी तमाम लग्जरी गाडियां पंजीकृत है। इनमे से केवल कुछ ही वाहनों के टैक्सी परमिट विभाग से जारी हैं। बड़ी संख्या में ऐसे वाहनों का बिना टैक्सी परमिट के व्यवसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। इनमें सरकारी विभाग भी पीछे नहीं हैं। जिले के कृषि, बिजली, सिंचाई, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग जैसे कई विभागों में लोगों ने ऐसे प्राइवेट वाहनों को किराए पर लगा रखा है जिनके टैक्सी परमिट नहीं हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार टैक्सी परमिट के लिए प्रति सीट 660 रुपए प्रति तिमाही का राजस्व जमा कराया जाता है और एसी गाडियों में प्रति सीट 990 रुपए जमा होता है। इस खर्च से बचने के लिये ऐसे लग्जरी वाहनों के मालिक परिवहन विभाग से नियमानुसार टैक्सी परमिट न लेकर केवल जिम्मेदार अधिकारी को ही खुष करके काम निकाल लेते है। इसके चलते विभाग को हर वर्ष लाखों रूपये के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद भी विभाग के अधिकारी मौन है।

# राजस्व शिविर लगाकर तहसीलदार निपटा रहे नामांतरण प्रकरण



◆ **24घंटे में 100से अधिक मामलों का किया निराकरण**

**घुवारा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के चलते जहां अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लग गई थी चुनाव ड्यूटी के कारण अधिकारी कर्मचारी चुनाव संपन्न कराने में लग गये थे जिससे कार्यालयों में अधिकारियों का बैठना कम हो गया अधिकारियों के कम बैठने के कारण कार्यालयों में प्रकरण शिथिल पड़ गये थे चुनाव संपन्न होते ही अधिकारी कर्मचारी पुन: अपने कार्यालय में आकर लंबित पड़े कार्यो को तेज गति देते हुए कार्य करने लगे हैं। घुवारा तहसीलदार ऋतु सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया है कि विधानसभा के चलते किसानों के कार्य लंबित हो गये थे जिसको शिविरो के माध्यम से तेज गति से करना शुरु कर दिया है ।

उसीक्रम में गुरुवार को अमरवां पंचायत भवन में राजस्व शिविर लगाकर किसानों के फोती नामांतरण हेतु आवेदन लिये गये जिसमें गनुआ अहिरवार, दिनेश घोषी, गोबिंद घोषी सहित 5 किसानों के आवेदनो का मौके पर निराकरण किया गया वहीं 24 घंटे के अंदर 100 से ज्यादा लंबित पड़े नामांतरण प्रकरणो का निराकरण किया गया साथ ही शिविर के माध्यम से तहसीलदार ने किसानों को समझायस व दिशानिर्देश देते हुए कहा कि जिन किसानों के वोर व कुआं खुले पड़े हैं वो किसान अपने वोर को ढकले साथ ही कुआं के चारों ओर बाउंड्री बना ले क्योंकि अधिकांश वोर व कुआं खुले रहने के कारण अप्रिय घटनाएं घटित हो जाती अप्रिय घटनाएं से बचने के लिए हम लोगों को सजग होना चाहिए और खुले पड़े वोर व कुआं को ढंक कर रखना चाहिए।

# कलेक्टर ने अनुपयोगी, खुले बोरवेल, नलकूप, ट्यूबवेल बंद करने के निर्देश दिए

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने जिले के अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों, बोरवेल तथा ट्यूबवेल को ढकने एवं बंद करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने जिले के सभी एसडीएम, सीईओ जनपद, सीएमओ नगरीय निकाय, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों, बोरवेल एवं ट्यूबवेल को ढक्कन एवं सीमेंट कांक्रीट इत्यादि से बंद कराए जाएं। साथ ही की गई इस कार्यवाही का 3 दिन में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया कि अधीनस्थ विद्यालयों, हॉस्टलों में छात्रों को खुले बोरवेल से होने वाले नुकसान के बारे में प्रतिदिन शपथ दिलाई जाए।

इस असाईनमेंट में खुले बोरवेल अपने गांव में कितने है एवं कितने बंद किए गए हैं इसकी जानकारी शिक्षकों को मिल सके तथा ग्रमीणों को जागरूक भी करें। कार्यवाही का सम्पूर्ण रिकॉर्ड जिला पंचायत में अनिवार्य रूप से भेजा जाए।

### बोरवेल मशीन संचालकों को बैठक में सचेत करें

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खण्ड स्तर पर बोरवेल मशीन संचालकों के साथ बैठक करने के निर्देश देते हुए कहा कि संचालकों को सख्त निर्देशित करें कि बोरवेल खनन के उपरांत बोर को ढक्कन से ढके। अगर बोरवेल सूखा निकलता है तो तत्काल सीमेंट कांक्रीट से बंद करें। उक्त कार्यवाही की प्रति जिला पंचायत में भेजें।

नपा को नही जानकारी

# हाईवे किनारे पिछले काफी समय से बह रहे पानी की हो रही बर्बादी



**नौगांव, देशबन्धु।** नौगांव नेशनल हाईवे 75 पर सड़क किनारे पिछले काफी समय से बह रहे पानी की हो रही है बर्बादी, नगर पालिका का ध्यान अपेक्षित। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौगांव से निकले नेशनल हाईवे 75 हायर सेकेंडरी स्कूल के बगल में धर्मशाला की ओर जाने वाले सीसी रोड पर पिछले काफी समय से पानी की बर्बादी हो रही है, कई बार यहां पर आवागमन कर रहे मोटरसाइकिल सवार भी गिर चुके हैं, लेकिन नौगांव नगर पालिका ने यहां पर कोई भी मरम्मत कार्य नही कराया है। एक तो यह नेशनल हाईवे के किनारे का मामला है तो वहीं धर्मशाला के लिए जाने वाला यह सीसी मार्ग है जो अत्यधिक आवागमन में व्यस्त रहने बाला मार्ग कहलाता है जहां लोग वाहन से कम पैदल ज्यादा आवागमन कर निकलते हैं, लेकिन यहां पर नगर पालिका सहित तमाम अधिकारियों ने कोई भी ध्यान नहीं दिया है, जब इस संबंध में नौगांव नगरपालिका सीएमओ को अवगत कराने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नही हो सका

### इनका कहना है

*आपके द्वारा जानकारी मिली है तत्काल ही अधिकारियों से बोल कर दुरुस्त कराते हैं।*

***अनूप तिवारी अध्यक्ष नगरपालिका नौगांव***

*सड़क किनारे पाइप लाइन निकली है जहां पानी का रिसाव हो रहा है पार्ट्स आते ही इसमें सुधार हो जायेगा*

***आलोक जायसवाल उपयंत्री नगरपालिका नौगांव***

# मिक्सर मशीन समेत युवक कुएं में गिरा, मौत



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** थाना के अंतर्गत जुझारपुर गांव में एक मकान निर्माण कार्य के लिए ले जाई जा रही मिक्सर मशीन अनियंत्रित होकर कुयें में गिर गई। इस दौरान मशीन को धक्का दे कर ले जा रहा युवक भी कुए में जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार अरहान खान पिता जमाल ख़ान उम्र 17 वर्ष निवासी केरवारा मकान निर्माण में मजदूरी करता था शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे वह अपने कुछ साथियों के साथ घर से ग्राम जुझारपुर के लोचन बरेठा के यहां लेंटर का कार्य करने के लिए मिक्सर मशीन धकेलकर ले जा रहा था। तभी अचानक मिक्सर मशीन आनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक कुएं में जा गिरी। इस मशीन के साथ अरहान खान भी सीधे कुएं में जा गिरा। इस घटना से वहां हडकंप मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से निकाला और उसे बेहोश समझकर इलाज के लिए बकस्वाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर थाना बक्सवाहा में मर्ग कायम करके मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# 6 जनवरी को होगा मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन, अंतिम प्रकाशन 2 फरवरी को

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने 5 दिसम्बार को विधानसभा निर्वाचन वाले राज्यों के लिए निर्वाचन के उपरांत फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया है। जारी किए कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण के पूर्व के गतिविधियों में मतदान केन्द्रों का यक्तियुक्तकरण, फोटो में सुधार, सेक्सन का पुर्ननिर्धारण, जेंडर एवं ईपी रेशों में गैप में सुधार, कंट्रोल टेबिल अपडेशन, फॉर्मेट 1 से 8 बनाना, प्रारूप प्रकाशन की तैयारियां की जाना है। इन कार्यों के लिए 20 दिसम्बर से 5 जनवरी तक समय सीमा निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को होगा। दावे आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी तक दर्ज कराई जा सकती है। विशेष कैंप दावे एवं आपत्तियों की अवधि के दौरान पड़ने वाला शनिवार एवं रविवार होंगे। दावे आपत्ति का निराकरण 2 फरवरी को होगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक अधिकारियों को जारी कार्यक्रम की तिथियों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये है। उन्होंने ऐसे मतदान केन्द्रों में जिनमे मूलभूत सुविधाएं नहीं या जो सुविधा की दृष्टि से सुगम नहीं है या जिनके भवन पुराने जीर्णशीर्ण है को बदलकर नवीन शासकीय भवनों में स्थापित करने के निर्देश दिये है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आमजन से अपील की गई है कि सभी छूटे हुये पात्र जन उपरोक्त तिथियों के अनुसार बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाइन नाम जोड़े जाने हेतु किसी भी तरह के संशोधन अथवा प्रविष्ट के आवेदन करें। किसी भी तरह की समस्या होने पर टोलफ्री नम्बर 1950 पर बात कर समाधान प्राप्त करें।

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं अन्य स्टेक होल्डर के साथ बैठक में चर्चा कर बनाई योजना

# ट्रांसपोर्ट नगर बनेगा सुव्यवस्थित, सही होगी यातायात व्यवस्था : कलेक्टर



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं ट्रांसपोर्ट नगर को सुव्यवस्थित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, एडीएम नम: शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर रमन, नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, यातायात प्रभारी दलवीर सिंह मार्को सहित विद्युत, आरटीओ के अधिकारियों सहित ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्य, मैकेनिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कराएं। इनमें पेयजल, बिजली, सड़क आदि प्रमुखता से देखें। ट्रांसपोर्ट नगर में अधोसंरचना बेहतर बनाई जाए। पार्किंग की उचित व्यवस्था हो, नो पार्किंग जोन भी रहे जिससे गलत जगह वाहन खड़े न हों और जाम न लगे। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। बैठक में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने ट्रांसपोर्ट नगर को व्यवस्थित बनाने के सुझाव देते हुए कहा लिए कि ट्रांसपोर्ट नगर में चोरी की घटनाएं होती हैं वहां पुलिस चौकी शुरू कराई जाए। पुलिस अधीक्षक अमित सांधी ने कहा कि पुलिस चौकी में पर्याप्त स्टॉफ होगा, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाएगा। कलेक्टर ने सड़क के किनारे सेअतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। नगर पालिका को सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा गया। नगर पालिका अधिकारी बताया कि यहां हाईमास्ट लाइट जल्दी लगाई जाएगी।

# पेयजल योजना के तहत 118 ग्रामो को जल सप्लाई कार्य प्रगति पर है



**नौगाँव, देशबंधु।** मध्य प्रदेश सरकार की ग्रामीण क्षेत्रो को शुद्ध पीने के पानी की सप्लाई सुनिश्चित की है जिसका कार्य प्रगति पर चल रहा है यह बहुत बड़ी योजना है जो केंद्र सरकार की मदद से मध्य प्रदेश को दी गई है इससे ग्रामीण क्षेत्रो में घर घर पानी पहुचाया जाना है इस योजना के तहत 118 ग्रामीण क्षेत्रो की ग्राम पंचायतों को चुना गया है जिसमे अभी तक 4 ग्रामो में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है जिनमे मऊ सहा निया के पास बट्ट सरेड़ी सहित चार ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण हो गया है सभी पंचायतों को पाइप लाइन बिछाकर जल सप्लाई हेतु जोड़ने का कार्य प्रगति पर है जिसके लिए पाइपों को पहुचाया गया है अन्य सामान की सप्लाई प्रतिदिन हो रही है जेसीबी मशीनों से खुदाई जारी है यह योजना पूर्ण होते ही 118 गांव में जल सप्लाई चालू हो जाएगी।

इस योजना में ग्राम पंचायत धौरी अंतर्गत जल शोधन संयंत्र क्षमता 29, 73 एम एल डी स्थापित होना है जिसका कार्य प्रगति पर है जल सप्लाई कर जल को संयंत्र में शुद्ध कर सप्लाई किया जाना है मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई छतरपुर मध्य प्रदेश योजना गर्रोली( नौगाँव) समूह जल प्रदाय जिला छतरपुर बिकास खण्ड नौगांव के अंतर्गत जारी है इतनी बड़ी योजना जो 118 ग्राम पंचायतों को लेकर जारी है इस के सम्बंध में अभी लोगो को बहुत कम जानकारी है इसका मुख्यालय नगर के पास बनाया गया है जहाँ पर बहुत बड़ा स्टोर लगभग 10 बीघा जमीन में बना है जहाँ दिन रात बड़े2 वाहनों से सामान सहित पाइपो की आपूर्ति की जा रही है जिसे स्टोर में पहुचाया जा रहा है स्टोर से मांग अनुसार पंचायतों में सप्लाई की जाती है इस सम्बंध में जब स्टोर मैनेजर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस योजना में 118 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है जिनका खसरा नम्बर 96,101,102,103,109,110,113, 114,116 ,120 है निर्माण एजेंसी मेसर्स तीर्थ गोपी कोंन लिमिटेड अहमदाबाद गुजरात इस पूरे कार्य को कर रही है।

पंचकल्याणक के चौथे दिन भगवान का तप कल्याण मनाया गया

# धन्य है वे महापुरूष जो संसार की असारता त्याग मोक्ष का पुरूषार्थ करते हैं



**छतरपुर, बक्सवाहा, देशबन्धु।** वरदत्ताआदि पंचमुनिराज की निर्वाण स्थली सिद्ध क्षेत्र नैनागिरि में पंचकल्याणक महोत्सव के चौथे दिन भगवान का तप कल्याण धूमधाम से मनाया गया।

तप कल्याण के दिन भगवान आदिनाथ ने संसार के धन-वैभव को त्यागकर दिगम्बर जैन मुनि दीक्षा धारण की। इन वैराग्यामयी क्षणो को देखने के लिये अंचल के हजारों भक्त पहुंचे। नैनागिर पंचकल्याणक में विराजमान गणाचार्य विराग सागर ने भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि नीलांजना की मृत्यु को देखकर प्रभु को वैराग्यामय जीवन अपनाने का एहसास हुआ। उन्होंने बताया अयोध्या के महाराज आदिनाथ प्रभू को राज्यसभा मे नृत्य कर रही नीलांजना नामक देवी की क्षण मात्र मे मृत्यू का क्षणभंगुरता को प्रगट करने वाले द्रष्य को देखकर तत्क्षण वैराग्य उत्पन्न हुआ। इसके बाद प्रयागराज में वटवृक्ष के नीचे प्रभू ने महावैभव के साथ पहने वस्त्राभूषण का त्याग कर दिगंबर मुनि दीक्षा धारण की। गणाचार्य विराग सागर महाराज ने दीक्षा कल्याणक की महिमा बताते हुए कहा कि धन्य हैं वे महापुरूष जो संसार की असारता त्याग कर मोक्ष का पुरूषार्थ अर्थात संयम पथ को अंगीकार करते हैं। कष्टों मे भी मुस्कराते हुये दिखाई देते हैं। ऐसे ही महापुरूष प्रभू आदिनाथ ने जीवन की सच्चाई को जान कर वैराग्य मार्ग को अपनाया।


### देशना स्थाली मे स्थापित प्रतिमाएँ कैसे बनी भगवान

महाराज जी ने कहा कि दुनिया में भगवान के रूप मे विराजमान विशालकाय अष्टधातु की पद्मासन प्रतिमाएं पंचकल्याणक में प्रतिष्ठित होकर भगवददशा को प्राप्त करेगी। नैनागिरी की पावन घरा पर जैन धर्म के 23वे तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का समोशरण आया, जिसमें भाव्यात्माओ ने दिव्य देशना श्रवण कर अपने कर्मनिर्जरा की थी। उन्होंने कहा कि 9 दिसंबर को प्रभू का मोक्षकल्यणक सम्पन्न होने के उपरांत भगवान की प्रतिमा पूज्य हो जायेगी।

# अभिमत

*आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है। फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा।*

## न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय से वंचित रखना है



जीएन बाजपयी

भारत के लोकतंत्र के गर्भगृह के रूप में विख्यात ऐतिहासिक संसद भवन को नवीनतम सुविधाओं से लैस नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुरानी इमारत का अपना इतिहास, भावना और कहानी है। जैसा कि मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा- 'यहां तक कि उस इमारत की ईंटों और दीवारों में ब्रिटिश काल से लेकर आजादी के बाद भारत के 15 प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल तक की कहानियां और किस्से थे। पुरानी संसद लोकतंत्र की सर्वोच्च सीट के केंद्र के रूप में उभरी यह इमारत आने वाले समय के लिए अमर रहेगी।' इस जगह का नाम 'संविधान भवन' रखा गया है क्योंकि आखिरकार स्वतंत्र भारत का संविधान यहां पेश किया गया था, बहस की गई थी और उसे अपनाया गया था। जब हम बदलते हैं, अधिक आधुनिक बनते हैं, उपयोग और उपभोग करने के लिए रिक्त स्थान का विस्तार करते हैं, शाब्दिक रूप से बिल्डिंग शिफ्ट के मामले में और रूपक रूप से हमारे दृष्टिकोण और विचारों के संदर्भ में तो गंभीर वादों पर फिर से विचार करना उचित है। संविधान की प्रस्तावना में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रतिष्ठापित किया गया है, हम भारत के लोग, सत्यनिष्ठा से संकल्प कर रहे हैं..., अपने सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए।'

4 अप्रैल 2023 को जारी तीसरी भारतीय न्याय रिपोर्ट में दर्ज किया गया कि दिसंबर 2020 तक उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में कुल 490 लाख मामले लंबित रहे। इनमें से 190,000 मामले 30 वर्षों से लंबित थे और 56 लाख मामले10 से अधिक वर्षों से लंबित हैं। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों में से 77 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं जिन्हें मुकदमों की प्रतीक्षा में हिरासत में रखा गया है। 2021 में हिरासत में बंद 88,725 विचाराधीन कैदियों ने औसतन 1-3 साल का समय हिरासत में गुजारा था। 24,033 से अधिक विचाराधीन कैदियों ने पांच साल और 11,049 ने पांच साल से अधिक समय हिरासत में बिताया। 2 अगस्त, 2022 तक सुप्रीम कोर्ट में कुल 71,411 (56,365 सिविल और 15,076 आपराधिक) मामले लंबित थे।

ये आंकड़े न्याय नहीं मिलने की एक खतरनाक तस्वीर पेश करते हैं। इसे कहने का सबसे आसान तरीका है कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित रखना है'। मैग्ना कार्टा की धारा 40 में कहा गया है- 'किसी को भी हम न्याय के अधिकार से इनकार या देने में देरी नहीं करेंगे।' 1948 में अपनाई गई मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा भी न्याय के अधिकार की गारंटी देती है। अत्यधिक देरी अपरिवर्तनीय दीर्घकालिक परिणाम देती है। न्याय प्रणाली में भरोसे को यह लगातार और धीरे-धीरे, चुपके से मार देता है।

देश की विभिन्न सरकारों ने फास्ट ट्रैक अदालतों, विशेष न्यायाधिकरणों, उपभोक्ता अदालतों, लोक अदालतों आदि की स्थापना जैसे कदम उठाए हैं। देरी के कारणों की भी पहचान की गई है- जैसे कि सरकार सबसे बड़ी वादी है, न्याय प्रणाली के लिए अपर्याप्त बजट, जनसंख्या के लिहाज से न्यायाधीशों का कम अनुपात, क्षमता और प्रतिबद्धता की कमी, मानदंड के रूप में स्थगन, लंबी न्यायिक प्रक्रिया, कार्य संस्कृति आदि।

शीघ्र न्याय प्रदान करने के लिए एक विशेष बुनियादी ढांचा निगम, न्याय प्रशासन की निगरानी और प्रशासनिक सुधार करने के लिए एक अलग प्राधिकरण की स्थापना, प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों को अलग करने, सरकार के साथ सहयोग और समन्वय आदि जैसे सुझाव दिए गए हैं।

हालांकि आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है।

फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा। इसे देखते हुए इस क्षेत्र में पुनर्विचार की तत्काल आवश्यकता है।

कहा जाता है कि आज सरकार प्राथमिकताओं के शीघ्र निष्पादन के लिए खड़ी है और 'मिशन मोड' में लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की बात करती है। इसका एक उदाहरण सभी के लिए नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने या सरकार का 'नल से जल' कार्यक्रम है।

इसी तरह न्याय प्रदान करना भी एक मिशन होना चाहिए। इस तरह के मिशन की यात्रा इस पहचान के साथ शुरू होनी चाहिए कि मामलों के निपटान में कौन, कैसे और क्या देरी करता है। देरी से निपटने के लिए, विशेष रूप से अनियमित मामलों में, अपरंपरागत तरीकों पर विचार किया जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो कानूनों, संहिताओं, नियमों, विनियमों, प्रक्रियाओं में संशोधन पर विचार किया जाना चाहिए। यह संभव है। जैसा कि 'महिला आरक्षण विधेयक' के मामले में हुआ जिसे संसद के दोनों सदनों ने बिना किसी देरी के पारित कर दिया।

निपटान में तेजी लाने के लिए मामलों को श्रेणियों में अलग करना भी संभव होना चाहिए। इस तरह के वर्गीकरण के आधार पर मामलों के निपटान के लिए एक समय सीमा तय की जानी और लागू की जानी चाहिए। विभिन्न प्रक्रियाओं में विलंब के लिए जवाबदेही निर्धारित की जानी चाहिए और तेजी से कार्रवाई की जानी चाहिए। न्यायपालिका को भी इस जवाबदेही के अधीन किया जाना चाहिए।

हर जिले में कम से कम एक दर्जन मॉनिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। उन्हें सीमित प्रशासनिक कर्मियों की मदद से कम्प्यूटरीकरण, वर्गीकरण और सुनवाई की करीबी निगरानी, साक्ष्य एकत्र करने/प्रस्तुतिकरण, तर्क और अंतिम आदेश के लेखन और वितरण के लिए सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए।

एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है। सरकार को अपने विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक प्रणाली को बंद करने के बजाय वैकल्पिक तंत्र पर विचार करना चाहिए।

आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर भर्ती, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे के निर्माण आदि की आवश्यकता हो सकती है और तभी मामलों के निपटान की कवायद को आगे बढ़ाया जा सकता है। समय पर तथा कम खर्च पर न्याय प्रदान करने के साथ-साथ वास्तविकताओं और वादियों के दर्द को समझने के लिए विशेष रूप से वरिष्ठ अधिवक्ताओं से सेवा आमंत्रित की जानी चाहिए।

सुधारों का विरोध होना तय है लेकिन पूरी प्रक्रिया के लिए खुले दिमाग की जरूरत, विश्वास निर्माण के लिए सर्वदलीय सहमति, सुझावों को स्वीकार करने की इच्छा और निष्पक्षता व पारदर्शिता के हित में दिशा बदलने की आवश्यकता होगी।

जब न्याय देने की बात आती है तो अब आधे-अधूरे प्रयासों या पारंपरिक तरीकों का समय बीत चुका है। ऐसी कार्रवाई की जरूरत है जो बड़ी संख्या में पीड़ित लोगों के हित में सावधानीपूर्वक, साहसिक, त्वरित लेकिन निष्पक्ष हो लेकिन ये कानूनी प्रक्रिया को किसी भी तरह से शॉर्ट सर्किट किए बिना किए जाने चाहिए। यह किसी और काम की तरह का एक कठिन कार्य होगा, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे अवश्य ही किया जाना चाहिए।

***(लेखक सेबी और एलआईसी के पूर्व चेयरमैन हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)***

**मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए। एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है।**

### बीता सप्ताह

**2 दिसंबर**

- रायपुर में चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आस्ट्रेलिया को 20 रनों से हराकर सीरीज जीता।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने सीओपी-33 की मेजबानी का प्रस्ताव रखा।
- वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में टकराव का रूप ले सकते हैं।
- रूस ने अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी संगठन 4जीबीटी आंदोलन को प्रतिबंधित किया।

**3 दिसंबर**

- छत्तीसगढ़ राजस्थान, मध्यप्रदेश में और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों के वोटों गिनती शुरु हुई।
- केंद्र सरकार के सर्वदलीय बैठक में 23 विपक्षी दल शामिल हुए। बैठक 4 दिसंबर से शुरु हो रहे शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन के लिए आयोजित।
- चीन के हिमालय एयरलाइंस ने नेपाल की राजधानी काठमांडु से शंघाई तक नई उड़ान सेवा शुरु की।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन सीओपी-28 प्रेसीडेंसी ने 120 से अधिक देशों ने जलवायु व स्वास्थ्य घोषणा का समर्थन किया।

**4 दिसंबर**

- विधानसभा चुनावों की गिनती में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में भाजपा को बहुमत मिला। तेलंगाना में कांग्रेस जीती।
- मिजोरम विधानसभा के लिए वोटों की गिनती शुरु हुई।
- कांग्रेस की करारी हार के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया इस्तीफा।
- 0 फिलीपींस विश्वविद्यालय के जिम में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई।

**5 दिसंबर**

- मिजोरम में राजनीतिक दल जीरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडीपीएम) ने विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की।
- हैदराबाद के पास वायुसेना का ट्रेनी विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो पायलटों की मौत हो गई।
- राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2022 की रिपोर्ट अनुसार दिल्ली को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर बताया गया।
- भारतीय मूल के देव शर्मा ने आस्ट्रेलिया संसद में न्यू साऊथ वेतस (एनएसडब्ल्यू) के सीनेटर के तौर पर शपथ ली।

**6 दिसंबर**

- राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगागेंडी की हत्या कर दी गई।
- छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में जारी आदर्श आचार संहिता खत्म कर दी गई।
- मिचौंग तूफान आंध्र के तट से टकराया और मचाई तबाही। 12 लोगों की मौत।
- नासा के मार्स हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर 67 उड़ानें पूरी की।

**7 दिसंबर**

- मिचौंग तूफान से चैन्नई में भारी तबाही से 20 लोगों की मौत हो गई।
- राजस्थान में करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगागेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई।
- तेलंगाना में रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- अमित शाह ने संसद में कहा कि जम्मू-कश्मीर में नेहरू की गलतियों की वजह से समस्याएं झेलीं।

**8 दिसंबर**

- कम दूरी की बैलिस्टिक मिलाइल अग्नि-1 का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया गया।
- महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक अजित पवार के एनसीपी गुट में शामिल हो गए।
- कांग्रेस समर्थित छत्तीसगढ़ पांडातराई नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान अविश्वास प्रस्ताव नहीं जीत पाने से कुर्सी खो दिए।
- पेरू की संवैधानिक न्यायालय ने आदेश कर पेरू के पूर्व राष्ट्रपति फुजीमोटी को जेल से रिहा कर दिया।

## चीन की अर्थव्यवस्था अभी भी कोविड सिंड्रोम से बाहर नहीं

■ अंजन रॉय

सबसे शक्तिशाली वैश्विक क्रेडिट एजेंसियों में से एक, मूडीज़ ने चीन के आर्थिक दृष्टिकोण को स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दिया है। किसी देश के वित्तीय बाज़ारों और वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में इसका प्रमुख निहितार्थ है।

तत्काल, यह परिवर्तन चीन के निवेश या उधार को प्रभावित नहीं कर सकता है। लेकिन दृष्टिकोण का नीचे की ओर संशोधन किसी देश के लिए प्रतिष्ठा का विषय है। इसका तात्पर्य यह है कि चीनी अर्थव्यवस्था के लिए संभावनाएं बहुत उज्ज्वल नहीं हैं और इससे चीन में नये धन का प्रवाह रुक सकता है।

चीन के वित्त मंत्रालय ने मूडी के दृष्टिकोण का विरोध किया है और बताया है कि चीन के पास वित्त का भंडार है और देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति देने के लिए सुधार शुरू किये जा सकते हैं।

माना जाता है कि मूडीज़ ने अभी तक चीन की क्रेडिट रेटिंग में कटौती नहीं की थी। इसने अपनी सॉवरेन बॉन्ड रेटिंग के लिए ए-1 रेटिंग बरकरार रखी है, जिसका अर्थ है कि ऐसे बॉन्ड अच्छे निवेश हैं और इन्हें चुकाया जा सकता है। क्रेडिट रेटिंग में बदलाव एक संकेतक है कि संबंधित इकाई अपनी उधारी चुकाने की स्थिति में नहीं हो सकती है।

मूडी, दो वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक, जिनकी बातों को निवेशकों और ऋणदाताओं द्वारा सुसमाचार सत्य के रूप में लिया जाता है, उस दर को बहुत प्रभावित करती है जिस पर एक इकाई (जो एक वाणिज्यिक निकाय है) या एक देश उधार ले सकता है। कम रेटिंग स्पष्ट रूप से उच्च ब्याज दर को आकर्षित करेगी।

**क्षमता के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।**

मूडीज़ के लिए निकट भविष्य में चीन के दृष्टिकोण को संशोधित करने के लिए तात्कालिक उकसावे की वजह कुछ समय से देखे गये कई प्रतिकूल रुझान हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारक चीन के संपत्ति बाजार में गहरी गिरावट और देश के वित्तीय स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव है।

इस प्रकार, अर्थव्यवस्था की समग्र वृद्धि धीमी हो गई है। चीन दशकों से 8 प्रतिशत या उससे ऊपर की दर से दुनिया को पछाड़ते हुए आगे बढ़ रहा था। कथित तौर पर तेज़ गति वाले विकास ने करोड़ों लोगों को अत्यंत गरीबी से उठाकर आर्थिक कल्याण की ओर अग्रसर किया है। मध्यम वर्ग में वृद्धि हुई है और यह दुनिया में सबसे बड़े में से एक है।

हालांकि, महामारी के बाद से अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। देश के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग के निर्देशन में लगाये गये कठोर लॉक-डाऊन ने वस्तुत: सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों का गला घोंट दिया था। इसने कई क्षेत्रों को पंगु बना दिया था और मानवीय लागत बहुत अधिक थी। विभिन्न प्रांतों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद ही शीर्ष नेताओं ने नुकसान की सीमा को देखा और कुछ सुधारात्मक कदम उठाये गये।

लेकिन फिर, बंदी की सख्ती जितनी ही अचानक और हैरान करने वाली बात रही उसे खोलना। सभी प्रतिबंधों को अचानक वापस लेने और सावधानीपूर्वक तैयार किये गये अलगाव के परिणामस्वरूप कोविड मामलों में ताजा उछाल आया। कोविड से शुरुआती मौतों के साथ-साथ प्रतिबंध खुलने के बाद हुई मौतों ने देश की अर्थव्यवस्था पर भारी कीमत चुकाई।

व्यक्तियों के कुछ मामलों की तरह, चीन भी लंबे समय से चल रहे कोविड के दुष्प्रभावों से पीड़ित है। कोविड की अधिकता से दीर्घकालिक प्रभाव के लक्षण स्पष्ट हैं। महामारी के तुरंत बाद 8 प्रतिशत और उससे अधिक की वृद्धि दर बीच में 3.5प्रतिशत से भी कम हो गई है। लेकिन अब, रुक-रुक कर ही सही, विकास फिर से शुरू हो रहा है।

मूडीज़ ने अनुमान लगाया है कि चीन 2024 और 2025 दोनों में लगभग 4 प्रतिशत और 2026 से 2030 तक प्रति वर्ष औसतन 3.8 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। कमजोर जनसांख्यिकी सहित संरचनात्मक कारक, 2030 तक संभावित विकास में लगभग 3.5प्रतिशत की गिरावट ला सकते हैं। आधिकारिक तौर पर, चीन को चालू वर्ष के दौरान 5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

विकास में अचानक गिरावट का मतलब घरेलू मांग को झटका है। वैश्विक सुस्ती और प्रतिकूल भू-राजनीतिक माहौल के कारण निर्यात में मजबूत वृद्धि के अभाव में, चीन घरेलू खपत मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा था और इस तरह घरेलू मांग में बढ़ोतरी होगी। अपनी नयी रणनीति में, उसे निर्यात में गिरावट की भरपाई करनी चाहिए थी। हालांकि, वास्तव में ऐसा नहीं हो रहा है। चीनी अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में मांग अचानक कम हो गई है।

रियल एस्टेट और आवास निर्माण उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का लगभग एक तिहाई हिस्सा था। अतीत में देखा गया भारी निर्माण उछाल घरेलू अर्थव्यवस्था को सीमेंट, स्टील, अन्य निर्माण सामग्री से लेकर बिजली के सामान से लेकर फर्नीचर जैसे क्षेत्रों तक हर चीज की अतिरिक्त मांग के साथ बढ़ावा दे रहा है।

वर्षों से, चीन ने देश भर में नये कस्बे और शहर बनाये हैं। वास्तव में, जब से चीनी अर्थव्यवस्था खुली है और उसने अपना महत्वाकांक्षी सुधार कार्यक्रम शुरू किया है, तब से अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। बढ़ते शहरीकरण और घर की खरीद ने चीन के उद्योग के एक बड़े क्षेत्र के लिए स्नेहक के रूप में काम किया।

लेकिन, नये घर और व्यावसायिक संपत्ति खरीदने की एक सीमा है। नये शहरों से आवासीय मकान खाली पड़े होने की खबरें आ रही हैं। देश में चारों तरफ भुतहा शहर और खाली आवास सम्पदाएं हैं। यह एक ऐसा मामला था जहां एक ही आर्थिक विकास ट्रिगर का वर्षों से अत्यधिक दोहन किया गया है।

ऊंची उड़ान भरने वाले रियल एस्टेट और निर्माण उद्योगों की एक श्रृंखला चल पड़ी है। जैसे-जैसे रियल एस्टेट की कीमतें नीचे गिरीं अतिरिक्त आवास और वाणिज्यिक संपत्ति स्टॉक के दबाव में, सबसे बड़े डेवलपर्स दबाव में आ गये। इनमें से सबसे बड़ी कंपनी, कंट्री गार्डन में भुगतान संबंधी समस्याएं थीं और वह प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं कर सकी। कुछ अन्य ने भी इसका अनुसरण किया।

उनकी विफलताओं के परिणामस्वरूप पूरे प्रांतों में व्यापक विरोध प्रदर्शन और धरने हुए। एक तानाशाही शासन के लिए ऐसे तमाशे घृणित थे। इनमें से कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटा दिया या सार्वजनिक प्रदर्शन से दूर कर दिया। बहरहाल, इन्होंने अपनी छाप छोड़ी और अर्थव्यवस्था में विश्वास को और बढ़ाया। आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों में संकट के कारण बड़े क्षेत्रों में व्यापक क्षति हुई।

चीन में एक विशाल गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र है, जिसे 'शैडो बेकिंग सेक्टर' कहा जाता है। ये भारत की बड़ी एनबीएफसी की तरह, कुछ हद तक अनौपचारिक प्रकृति की हैं और समग्र मिल को गति प्रदान करती हैं। वे उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य कॉरपोरेट्स को भी वित्त प्रदान करते हैं।

इनमें से कई चीनी एनबीएफसी का रियल एस्टेट और हाउसिंग सेक्टर में बड़ा निवेश है। वे बड़े संपत्ति शेयरों के समग्र खरीदार होने के साथ-साथ संपत्ति क्षेत्र के कॉरपोरेट्स के धन प्रदाता भी हैं। संपत्ति कंपनियों में परेशानी का मतलब एनबीएफसी या बैंकिंग क्षेत्र के लिए परेशानी है। पिछले हफ्ते ही चीन की सबसे बड़ी एनबीएफसी डूब गई थी।

पूरी स्थिति वित्तीय क्षेत्र के संकट के निर्माण में बदल रही है। सच कहें तो वित्तीय क्षेत्र का संकट सबसे बुरा सपना है क्योंकि इन वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं का पूरी अर्थव्यवस्था में जुड़ाव है। यदि वित्तीय क्षेत्र संकट में है, तो ये वास्तविक अर्थव्यवस्था में काफी तेजी से प्रसारित होते हैं।

संकटग्रस्त आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों ने चीनी स्थानीय सरकारों और नगर पालिकाओं से नयी ज़मीनें खरीदना बंद कर दिया है। ये निकाय इन बिल्डरों और नयी टाऊनशिप के प्रमोटरों को भूमि स्टॉक की बिक्री पर बहुत अधिक निर्भर थे। एक बार जब नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए भूमि की बिक्री से धन का स्रोत समाप्त हो गया, तो उनका वित्त अवरुद्ध हो गया है।

केंद्र सरकार ने संकटग्रस्त रियल एस्टेट कंपनियों के साथ-साथ स्थानीय सरकारों को संकट से उबारने के लिए कई बचाव उपाय प्रस्तावित किये हैं। इसका मतलब है कि सरकार की राजकोषीय स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सकती है।

वास्तव में, मूडीज़ द्वारा आर्थिक दृष्टिकोण को डाऊनग्रेड करने के लिए उद्धृत कारणों में से एक चीनी संघीय सरकार की राजकोषीय स्थिति के लिए संभावित खतरा है। लेकिन फिर, जैसा कि चीनी वित्त मंत्रालय ने दावा किया है, उसके पास एक विशाल खजाना है। यह मौजूदा संकट से निपटने के लिए नये सुधार लाने और रियल एस्टेट कंपनियों को भारी मात्रा में धनराशि जारी करने का वायदा कर रहा है। हो सकता है, ये सच हो।

लेकिन क्षमता के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

## पांच राज्यों के चुनाव परिणाम : नतीजों के निहितार्थ

■ कुमार प्रशांत

कभी जादूगर का खेल देखा है? राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जादूगर के बेटे हैं, लेकिन जादू दिखा कोई दूसरा रहा है। पांच राज्यों में हुआ चुनाव ऐसी जादूगरी का नमूना है। अब जब चुनावी धूल बैठ चुकी है, घायल अपने घावों की साज-संभाल में लगे हैं, विजेता अपनी जीती कुर्सियां झाड़-पोंछ रहे हैं, हम जादू के पीछे का हाल देखने-समझने की कोशिश करें।

मोदी-शाह ने जिस नई चुनावी-शैली की नींव 2014 से डाली है उसकी विशेषता यह है कि न उसका आदि है, न अंत ! यह सतत चलती है। चुनाव की तारीख घोषित होने पर चुनावी-मुद्रा में आना, चुनाव की तारीख तक चुनाव लड़ना और फिर जीत-हार के मुताबिक अपना-अपना काम करना-ऐसी आरामवाली राजनीति का अभ्यस्त रहा है यह देश, इसके राजनीतिक दल ! मोदी-शाह मार्का राजनीति इसके ठीक विपरीत चलती है। वह तारीखें देखकर नहीं चलती, नई तारीख़ें गढ़ती है। चुनावी सफलता की तराजू पर तौलकर वह अपना हर काम करती है।

उनके लिए चुनाव वसंत नहीं है कि जिसका एक मौसम आता है; यह बारहमासी झड़ी है। उनके लिए विदेश-नीति भी चुनाव है, यूक्रेन-फिलीस्तीन-गजा-इजरायल भी और पाकिस्तान भी चुनाव है; जी-20 भी चुनाव है; खेल व खिलाड़ी भी चुनाव हैं; चंद्रयान भी चुनाव है; सरकारी तंत्र व धन भी चुनाव के लिए है। उनके लिए जनता भी एक नहीं, कई हैं जिनका अलग-अलग चुनावी इस्तेमाल है।

**इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी।**

मार्च 2018 में प्रधानमंत्री ने जनता का एक नया वर्ग पैदा किया था : विकास के लिए प्रतिबद्ध जिले ! 112 जिलों की सूची बनी। ये जिले ऐसे थे जिनके विकास की तरफ कभी विशेष ध्यान नहीं दिया गया था। जो बड़े राजनीतिक पहलवान हैं वे अपने व अपने आसपास के चुनाव क्षेत्रों के लिए सारे संसाधन बटोरने में मग्न रहते हैं। नये चुनाव क्षेत्रों का सर्जन किसी के ध्यान में भी नहीं आता। मोदीजी ने अपनी रणनीति में इसे शामिल किया और 112 जिलों की सूची बना दी।

किसी ने नहीं समझा कि यह चुनाव की नई कांस्टीट्यूएंसी तैयार करने की योजना है। इन जिलों में से 26 जिले ऐसे थे जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा तेलंगाना के 81 चुनाव-क्षेत्रों में फैले थे। ये सभी अधिकांशत: आदिवासी व अन्य पिछड़े समुदायों के इलाके थे। पहली बार इन इलाक़ों को लगा कि कोई है जो इनका अस्तित्व मानता ही नहीं, बल्कि उन्हें आगे भी लाना चाहता है।

यहां विकास की क्या कोशिशें हुईं उनकी समीक्षा का यह मौका नहीं है। मौका है यह समझने का कि इन 81 चुनाव क्षेत्रों में भाजपा ने इस बार कांग्रेस को कड़ी टक्कर लगाई। 2018 में जहां इन क्षेत्रों में भाजपा ने बमुश्किल 23 सीटें जीतीं थीं, 2023 में उसने यहां 52 सीटें जीती हैं- पिछले के मुकाबले दोगुने से ज्यादा। यह अपने लिए नये चुनावी आधार गढ़ने की योजना का एक हिस्सा था। 'स्मार्ट सिटी योजना,' अलग-अलग समूहों को नकद सहायता की लगातार घोषणा आदि सब चुनाव के नये कारक हैं जिनके जनक मोदीजी हैं।

इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी।

जब एक जादूगर अपने हैट से नये-नये खरगोश निकालकर दिखा रहा हो तब मजमा उस नट को कैसे देखता रह सकता है जिसे तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधने का एक ही खेल आता है? और वह भी ऐसा कि संतुलन बार-बार डगमगाता भी रहता है ! कांग्रेस राष्ट्रीय दल है तो सही, लेकिन उसके पास राष्ट्रीय सत्ता नहीं है; जो सत्ता है उसे भी वह संभाल नहीं पा रही है। उसके पास राष्ट्रीय पहचान व कद का एक ही नेता है जिसका नाम है-राहुल गांधी !

राहुल गांधी की जानी-अनजानी बहुत सारी विशेषताएं होंगी, लेकिन देश जो देख पा रहा है वह यह है कि वे अब तक राजनीतिक भाषा का ककहरा भी नहीं सीख पाए हैं; उनके पास वह राजनीतिक नजर भी नहीं है जो चुनावी विमर्श के मुद्दे खोज लाती है। कांग्रेस में दूसरा कोई पंचायत स्तर का नेता भी नहीं है। कांग्रेस के पास उसका कोई शाह, कोई योगी, कोई शिवराज, कोई हेमंता नहीं है; वह किसी को बनने भी नहीं देती।

दूसरी तरफ भाजपा है। उसके पास भी एक ही 'राहुल' है-नरेंद्र मोदी ! उनके पास हर मौसम की भाषा है, गिद्ध-सी वह राजनीतिक नजर है जो हर मुद्दे को अपने हित में इस्तेमाल करने की चातुरी रखती है। उनका कद इतना बड़ा 'बनाया' गया है कि उसे कोई छू नहीं सकता। फिर नीचे कई नेता है जिनका अपना आभा मंडल है। इन सबके साथ है, एक परिपूर्ण प्रचार-तंत्र, एक परिपूर्ण धन-तंत्र तथा एक परिपूर्ण मीडिया-तंत्र। कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता कांग्रेसियों की नजर में भी पर्याप्त नहीं है; भाजपा का नेता भाजपाइयों की नजर में राजनीतिक नेता ही नहीं, अवतार भी है। दोनों का मुकाबला बहुत बेमेल हो जाता है।

'इंडिया' के घटक जानते हैं कि कांग्रेस के कारण ही वे 'इंडिया' हैं, लेकिन वे जो जानते हैं, वह मानते नहीं हैं। इसलिए कोई बंगाल को तो कोई उत्तरप्रदेश को तो कोई तमिलनाडु को तो कोई 'बिहार' को 'इंडिया' मानकर चलता है। इस तरह सब बिखरी मानसिकता से एक होने की कोशिश करते हैं। यह असंभव की हद तक कठिन काम है। 2014 से लेकर अब तक भाजपा की रणनीति यह रही है कि वह अपना राजनीतिक आधार बनाने व बढ़ाने के लिए वक्ती नफा-नुकसान का हिसाब नहीं करती।

राजनीति संभव संभावनाओं का खेल है। 2023 फिर से बताता है कि संभव संभावनाओं में असंभव संभावना छिपी होती है। भाजपा वैसी संभावनाओं को पकड़ने की हर संभव कोशिश कर, असंभव को साधती आ रही है। दूसरे संभव को असंभव बनाने के खेल से बाहर ही नहीं आ पाते। क्या 2024 इसी कहानी को दोहराएगा? देखना है कि कौन नये खरगोश बना व दिखा पाता है।

***(लेखक गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हैं।)***

## मुख्य सचिव श्रीमती राणा ने ली यात्रा तैयारियों को लेकर बैठक, दिए निर्देश

# भारत संकल्प यात्रा केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएगी



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन 8 दिसम्बर को होगा। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवाएगी। केन्द्रीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिए प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी।

मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आज संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टर्स से चर्चा कर यात्रा की तैयारियों की जानकारी ली।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियां उन सभी 69 जिलों और अन्य जिलों से भी गुजरेगी जहां जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायतों स्तर पर भी जन-जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जाएगी। जिसमें जागरुकता, सामुदायिक, सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा सूचना-शिक्षा-संचार वेन, आईटी प्लेटफार्म, और मोबाइल एप्लीकेशन भी उपयोग में लाए जाएंगे। राज्य सरकार, जिला, ग्राम पांचायत और स्थानीय शासन की समिति और केन्द्र सरकार के संगठन और संस्थाओं से प्लानिंग, समन्वय और निगरानी की जाएगी।

## घायल भाजपा कार्यकर्ता को देखने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अध्यक्ष, कहा-

# भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने वालों पर करेंगे कड़ी कार्रवाई



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव परिणाम आने के बाद भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं पर इस तरह से प्राणघातक हमला करना सामान्य बात नहीं है। पूरी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा आज रात अपराधियों के हमले में घायल भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर को देखने शाहपुरा स्थित पुष्पांजलि अस्पताल पहुंचे थे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने घायल भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर का हाल जाना और चिकित्सकों से बेहतर इलाज करने को कहा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ अरेरा मंडल के महामंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर पर धारदार हथियार से हमला कर एक हाथ की हथेली काट दी थी। इसी घटना में भाजपा कार्यकर्ता स्वनिल भी घायल हुए हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी व पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता ने किया था दावा, भाजपा की 50 सीटें भी आईं तो कर लूंगा मुंह काला

# मुंह काला करने निकले बरैया को दिग्विजय ने रोका- लगाया काला टीका




**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की जीत का सशक्त दावा करते हुए अपना मुंह काला करने की बात कहने वाले फूल सिंह बरैया आज वायदे के मुताबिक अपना मुंह काला करने निकले, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद उन्हें काला टीका लगाकर श्री सिंह ने इस मामले का पटाक्षेप किया।

दरअसल चुनाव के दौरान बतौर कांग्रेस प्रत्याशी श्री बरैया पूरे आत्मविश्वास से यह दावा किया था कि अगर भाजपा 50 सीटें भी जीत गई तो वह अपना मुंह काला कर लेंगे। श्री बरैया तो दतिया जिले की भांडेर सीट से चुनाव जीतकर आए हैं, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी। जिसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें अपना वादा याद दिलाते हुए ट्रोल करना शुरू कर दिया। जिसके बाद उन्होंने ये घोषणा की कि वह 7 दिसम्बर को राजभवन के सामने अपना मुंह काला कर लेंगे।

अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए श्री बरैया आज सुबह अपने समर्थकों के साथ राजभवन की तरफ निकले थे। इससे पहले कि बरैया मुंह काला करने जैसा कुछ कर पाते, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फूल सिंह बरैया को काला टीका लगाया। इसके बाद उन्होंने कहा इस प्रतीकात्मक तरीके से उनकी प्रतिज्ञा भी पूरी हो गई है लेकिन वो इसे मुंह काला करना नहीं मानते है। उन्होंने कहा कि ये काला टीका है ताकि नजर न लगे और उनकी लड़ाई जारी रहेगी जिसमें हम सब उनके साथ हैं। बरैया की रैली के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सतर्क था।

### भाजपा ने साधा निशाना कहा-

## बरैया ने कमलनाथ के नकारा नेतृत्व का ढोल पूरे देश में पीटा



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया के नाटकीय प्रदर्शन पर भाजपा ने निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने एक्स पर कहा कि बरैया ने अपना मुंह काला कराकर अप्रत्यक्ष तौर पर कमलनाथ के नकारा नेतृत्व का ढोल पूरे देश में पीटा। उन्होंने लिखा- इसे कहते हैं सांप भी मरे और लाठी भी न टूटे। दिग्विजय सिंह के षड्यंत्र से प्रभावित होकर कांग्रेस की करारी हार पर स्वयं का मुंह काला कराकर फूलसिंह बरैया ने अपने नेतृत्व की अक्षमता को राष्ट्रीय पटल पर उजागर कर दिया है। अब तक दिग्विजय सिंह और अरूण यादव जैसे नेता ही कमलनाथजी को निपटाने में लगे रहते थे, अब इस गुट में आज फूलसिंह बरैया ने जोरशोर से आमद दर्ज कराई।

## नौटंकी के बजाए माफी मांगें बरैया : जाटव

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया के मुंह काला करने के मामले में प्रतिक्रियास दी है। उन्होंने इसे कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया और दिग्विजय सिंह की नौटंकी बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में कई दशकों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन उन सरकारों ने जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए भी काम नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता विधानसभा चुनाव में इन नेताओं को इनकी करतूतों की सजा दे चुकी है। अब अगर इन नेताओं में थोड़ी भी शर्म बाकी है, तो इन्हें सड़कों पर नौटंकी करने की बजाय सार्वजनिक रूप से प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# गरबा का सम्मान देश की संपूर्ण मातृशक्ति के लिए गर्व की बात : माया

**भोपाल, देशबन्धु।** गुजरात के गरबा नृत्य को 'यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक धरोहर में शामिल किया गया है। गरबा को इंटेजिबल कल्चरल हैरिटेज सम्मान' मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा मध्यप्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि गरबा का सम्मान देश की संपूर्ण मातृशक्ति के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यूनेस्कों को गुजरात के गरबा नृत्य को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर में शामिल करने के लिए नामित कर भेजा था, जिसे यूनेस्को ने स्वीकार कर हमारे देश और गुजरात राज्य के मां दुर्गा को समर्पित गरबा नृत्य को सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान आज भारत को मिला है, जो कि हमारे सांस्कृतिक वैभव के अभ्युदय को दर्शाता है। इस मौके पर प्रदेश के सभी जिलों में गरबा नृत्य का आयोजन कर खुशी मनाई गई। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया नर्मदापुरम् जिले में आयोजित गरबा में महिला मोर्चा और गुजराती समाज की महिलाओं के साथ शामिल हुईं।

प्रदेश के सभी जिलों में महिला मोर्चा की महिलाओं ने स्थानीय महिला कार्यकताओं के साथ गरबा को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर गरबा नृत्य कर खुशियां मनाई गईं।

इस अवसर पर श्रीमती बबिता सिंह, श्रीमती रोमा नारोलिया, श्रीमती गीता सोलंकी, श्रीमती खेमवती यदुवंशी, श्रीमती संगीता जाट, श्रीमती कलश यदुवंशी, श्रीमती लहर वाधवानी, श्रीमती पिंकी यदुवंशी, श्रीमती नमिता वाधवानी, श्रीमती अमीषा जाट, श्रीमती वाणी सिंह, श्रीमती राधिका यदुवंशी, श्रीमती कुसुम कहार सहित अन्य बहनें उपस्थित रहीं।

# प्रदेश कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी!

- अब पार्टी की कमी और खामियों की खुलकर चर्चा हो रही
- कांग्रेस के खाते में 230 सीटों में से सिर्फ 66 सीटैं आई



**भोपाल,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। तमाम बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है, जिनमें नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह भी शामिल हैं। अब पार्टी की कमी और खामियों की खुलकर चर्चा हो रही है। यही कारण है कि राष्ट्रीय नेतृत्व बड़े बदलाव की तैयारी में है। राज्य विधानसभा के चुनाव के नतीजे ऐसे आए हैं जिसकी कल्पना कांग्रेस ने नहीं की थी। वह तो सत्ता का सपना संजोए हुए थी, मगर ऐसा हुआ नहीं। कांग्रेस के खाते में 230 सीटों में से सिर्फ 66 सीटैं आई। कुल मिलाकर वह तीन अंकों तक भी नहीं पहुंच पाई।इस चुनाव में कांग्रेस के तमाम बड़े दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा है और नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह तक अपने को हार से नहीं बचा पाए। गोविंद सिंह की सीट लहार विधानसभा क्षेत्र को सबसे सुरक्षित माना जा रहा था, मगर वहां भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। नतीजों के बाद से ही कांग्रेस में बड़ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। कांग्रेस को वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में सत्ता हासिल हुई थी और इसमें कांग्रेस के संगठन के तौर पर दो बड़े नेताओं की भूमिका रही थी। पहले पार्टी के अध्यक्ष रहे अरुण यादव और उसके बाद कमान संभालने वाले कमलनाथ। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए पार्टी की राज्य में ऐसी पिच तैयार कर दी थी जिस पर कांग्रेस को खेलना आसान हो गया था और कमलनाथ को राज्य की कमान मिलने के बाद उन्होंने गुटबाजी को खत्म कर दिया, सबको एक साथ किया। परिणाम स्वरुप कांग्रेस 2018 के विधानसभा चुनाव में बढत हासिल कर गई।

सत्ता में आई कांग्रेस अपनों को ही नहीं संभाल पाई और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस का दामन छोड़ दिया। लिहाजा सत्ता हाथ से खिसक गई। अब एक बार फिर इस बात की चर्चा है कि कमल नाथ प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं और उनके स्थान पर पार्टी किसी सक्रिय युवा को यह जिम्मेदारी सौंप सकती है।

इसके लिए दावेदारों की बात करें तो सबसे पहला नाम अरुण यादव का आता है, उसके बाद उमंग सिंघार, जीतू पटवारी और कमलेश्वर पटेल जैसे नेता कतार में हैं। एक तरफ जहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को लेकर मंथन कर रही है और यह तभी संभव है जब कमल नाथ इस पद को छोड़ते हैं, मगर नेता प्रतिपक्ष नया बनना तय है। इस पद के लिए बड़े दावेदारों में कमलनाथ के अलावा अजय सिंह हैं जो पूर्व में नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं और उनकी विधानसभा के अंदर आक्रामकता सबके सामने रही है। कमल नाथ अगर नेता प्रतिपक्ष नहीं बनते हैं तो सबसे बड़ा दावा अजय सिंह का ही होगा। पार्टी आदिवासी चेहरे के तौर पर उमंग सिंघार को यह जिम्मेदारी सौंप सकती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में बड़ी उथल-पुथल है और बदलाव होना तय माना जा रहा है। हां यह बात अलग है कि कमलनाथ कह चुके हैं कि मैं दिल्ली क्यों जाऊंगा। इसका आशय साफ है कि वे मध्य प्रदेश में ही रहेंगे और उनका सारा जोर लोकसभा चुनाव पर रहेगा। देखना होगा कि कांग्रेस आगे किस तरह की रणनीति पर काम करती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**महुआ की लोकसभा सदस्यता....** आग्रह किया कि मोइत्रा को सदन में उनका पक्ष रखने का मौका मिले, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले की संसदीय परिपाटी का हवाला देते हुए इससे इनकार कर दिया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के माध्यम से मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शिकायत भेजी थी, जिसमें उन पर अडाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर सदन में सवाल पूछने के बदले रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है।

कंगारू अदालत ने बिना सबूत.... जाने के कुछ मिनट बाद उन्होंने कहा कि उन्हें उस आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है और उन्हें नकदी या उपहार दिए जाने का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दो शिकायतकर्ताओं में से एक उनका पूर्व प्रेमी है जो गलत इरादे से आचार समिति के सामने आम नागरिक के रूप में पेश हुआ।

**2 उपमुख्यमंत्री भी....** कौन उपमुख्यमंत्री बनेगा यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि मुख्यमंत्री कौन होगा। क्योंकि मुख्यमंत्री पद के वरिष्ठ दावेदार जिन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा। उनमें से भी तोमर को छोड़कर किसी एक को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

**लालदुहोमा ने ली मिजोरम के....** पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी के तौर पर उनकी उपलब्धियां सामाचार पत्रों की सुर्खियां बनने लगी थीं। 1982 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया था। पुलिस उपायुक्त के रूप में विशेष पदोन्नति दी गई थी। राजीव गांधी की अध्यक्षता में 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति के सचिव भी थे।

जेडपीएम ने सात नवम्बर को हुए राज्य विधानसभा चुनाव में 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल की। मंगलवार को जेडपीएम विधायक दल ने लालदुहोमा को अपना नेता और के.सपडांगा को उपनेता चुना था। जेडपीएम मीडिया प्रकोष्ठ के महासचिव एड्डी जोसांगलियाना ने कहा कि पार्टी के सलाहकार निकाय वैल उपा काउंसिल ने मंत्रिपरिषद के गठन का फैसला करने के लिए बुधवार को लालदुहोमा से मुलाकात की। जेडपीएम को 2019 में एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया गया था। जेडपीएम ने निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा के नेतृत्व वाले मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को सत्ता से हटा दिया। राज्य में 2018 के चुनावों में 26 सीट जीतने वाली एमएनएफ को केवल 10 सीट पर जीत हासिल हुई।

**हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार....** के सबसे बड़े कांगड़ा जिला को मंत्रीपद अवश्य मिलेगा। उसके बाद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले बिलासपुर जिला को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त तीसरी मंत्री पद हमीरपुर या फिर कांगड़ा के हाथ आ सकता है। इस समय प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री सुक्खू सहित नौ सदस्यीय मंत्रिमंडल है। नए संभावित मंत्रियों के चेहरों को लेकर सुधीर शर्मा, यादवेंद्र गोमा, राजेश धर्माणी, राजेंद्र राणा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। तेलंगाना में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए गए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के शनिवार को लौटने की संभावना है। मुख्यमंत्री दो दिन पहले प्रदेश से बाहर गए हैं।

## गैस पीड़ित बच्चों और महिलाओं का शिविर आयोजित

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति की संयोजक साधना कर्णिक प्रधान ने बताया की भोपाल गैस काण्ड की 40 वो बरसी के कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आज यूनियन कार्बाइड के पास जेपी नगर के सामने आरिफ नगर सरकारी स्कूल में गैस पीड़ित परिवारों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 300 बच्चो व 250 महिलाओं के आंखों की जांच कर उन्हे चश्मे प्रदान किए गए। साथ ही पहचान किए गए मोतियाबिंद के 20 मरीजों में से 10 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चिरायु अस्पताल भेजा गया। इसी के साथ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका चतुर्वेदी द्वारा गैस पीड़ित महिलाओं को कैंसर जागरूकता के संबंध में शिक्षाप्रद जानकारी भी प्रदान की गई। ज्ञात हो कि समिति द्वारा वर्षभर गैस पीड़ितो के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कॉलेज छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**भोपाल, देशबन्धु।** सिर के दर्द से परेशान कॉलेज छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। मरणासन्न कथन में उसने बीमारी से परेशान होने की बात कही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। निशातपुरा पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय अनामिका मूलतः सागर की रहने वाली थी। वह बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। कई महीनों से उसे सिर दर्द की बीमारी थी। भोपाल में डॉ सुनील मलिक के यहां उसका इलाज चल रहा था। पिछले दिनों वह इलाज के लिए भोपाल आई थी तथा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाली अपनी बहन के घर रुकी थी। दो दिन पहले अचानक ही उसकी तबियत बिगड़ी। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/358 — सागर दिनांक 06/12/2023

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1121/23-24 | सूबेदार | रजि. बै., श.प. क. नि. र. टै.र. आधार कार्ड | विकास पिता स्व. ओंकार प्रसाद सोनी | आकाश पिता स्व. ओमकार प्रसाद सोनी |
| 2. | 1122/23-24 | रविदास | वसी., मृ. प्र. प., श. प., आधार | स्व. सोमराज सिंह पिता जनक सिंह जादौन | नीरज सिंह पुत्री स्व. सोमराज सिंह जादौन |
| 3. | 1123/23-24 | तिली वार्ड | रजि. बै., श. प., खसरा, आ. का., टै. र. | पूनम प्रसाद पिता त्रिभुवन प्रसाद सोनी | श्वेता भटनागर पति प्रवीण खरे |
| 4. | 1124/23-24 | तिली वार्ड | रजि. बै., श.प., क. नि. र., आधार कार्ड | प्रदीप कुमार पिता शोभाराम सकवार | मोहनी पति श्याम सोनी |
| 5. | 1125/23-24 | शिवाजी | रजि. बै., श.प., क. नि. र., आधार | पोद्दार कन्स. द्वारा- ओमप्रकाश पिता सत्यनारायण पोद्दार | शिल्पा पति मनोज मिश्रा पुत्री कुन्दनलाल पाराशर |
| 6. | 1126/23-24 | राजीवनगर | रजि., बै., श.प., क. नि. र., आधार | योगेश पिता स्व. प्रभुदयाल एवं सुखदेव, राजकुमार एवं महेन्द्र पिता भगवती प्रसाद एवं अभिजी पिता प्रकाश बिल्थरिया | अरविन्द पिता हुकुमचन्द जैन |
| 7. | 1127/23-24 | मोतीनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | काशीबाई पति छोटेलाल पटेल | कविता पति सन्तोष कुमार जैन |
| 8. | 1128/23-24 | बाघराज | रजि. बै., श.प., खसर, बी-1 | जगदीश पिता रामनाथ यादव | शकुन्तला पति एन.पी. नामदेव |
| 9. | 1129/23-24 | चकराघाट | रजि. बैनामा शपथ पत्र | प्रमोद वल्द तुलसीराम बडोन्या | विनोद पिता तुलसीराम बडोन्या |
| 10. | 1130/23-24 | चकराघाट | रजि. हकत्याग पत्र शपथ पत्र | प्रमोद वल्द तुलसीराम बडोन्या, शशि पति अजय सोनी एवं सविता पति सतीश दरे | विनोद पिता तुलसीराम बडोन्या |
| 11. | 1131/23-24 | तिली वार्ड | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | पुरूषोत्तम पिता बलराम एवं स्वरूपरानी पति रमेश चौरसिया | पूजा पुत्री प्रभुदयाल चौरसिया |

**कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर**

### न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

आदेशिका क्र. 240/2023 — पन्ना दिनांक 16 अक्टूबर 2023

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**नोटिस दाताः-** संतोष कुमार गुप्ता उम्र 50 वर्ष, पुत्र श्री हीरालाल गुप्ता, निवासी, वार्ड नं. 5 टिकुरिया मोहल्ला पन्ना, तहसील पन्ना जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

सरोज गुप्ता उम्र 48 वर्ष पुत्री श्री कृष्णलाल गुप्ता, निवासी चौरसिया नर्सिंग होम के पास जेल रोड़ रीवा, जिला रीवा मध्यप्रदेश

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रुप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची '**आशयित विवाह की सूचना**' संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं वाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक **18 अक्टूबर 2023** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न- आशायित विवाह की सूचना

प्रकरण में सुनवाई तिथि-**26 दिसम्बर 2023**

**नीलम्बर मिश्र**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी पन्ना म.प्र.**

## अजीत पवार के एनसीपी गुट में शामिल हुए नवाब मलिक

**नागपुर, एजेंसी।** कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 18 महीने तक जेल में रहे महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गुट में गुरुवार को शामिल हो गए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, 64 वर्षीय मलिक ने फरवरी 2022 से अगस्त 2023 तक जेल में समय बिताया और वर्तमान में मेडिकल जमानत पर बाहर हैं। इससे पहले, अजीत पवार ने मीडियाकर्मियों को बताया कि उन्होंने मलिक को फोन किया था और कहा था कि नागपुर में आपका स्वागत है। उन्होंने कहा कि वह एक वरिष्ठ नेता हैं जो ऐसे मामलों पर अपने फैसले लेने में सक्षम हैं।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.(भ/स) संभाग क्र.1 सागर

फोन नं. 07582-222296 ईमेल आईडी. eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-20/2023-24/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण — सागर दिनांक 03/10/2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWDRB_313602_1 | उपसंभाग सागर के अन्तर्गत न्याय विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग कार्य अनुमानित लागत 18.00 लाख | सागर | 1800000 | 36000 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2023_PWDRB_313604_1 | उपसंभाग सागर के अन्तर्गत अन्य विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग कार्य अनुमानित लागत 19.50 लाख | सागर | 1950000 | 39000 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2023_PWDRB_313605_1 | उपसंभाग देवरी के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग कार्य अनुमानित लागत 19.80 लाख | सागर | 1980000 | 39600 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 4 | 2023_PWDRB_313606_1 | उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग कार्य अनुमानित लागत 19.90 लाख | सागर | 1990000 | 39800 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 5 | 2023_PWDRB_313607_1 | उपसंभाग बण्डा के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग कार्य अनुमानित लागत 19.80 लाख | सागर | 1980000 | 39600 | 2000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 6 | 2023_PWDRB_314154_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत बी.टी. विभिन्न मार्गो मे रिन्यूवल कार्य अनुमानित लागत 263.23 लाख (ग्रुप क्र.2) 1. खुरई पठारी मार्ग लं. 8.00 कि.मी. अनुमानित लागत 191.47 लाख 2. तलापार दुगाहाकला मार्ग के कि.मी. 1 से 6 =6.00 कि.मी. अनुमानित लागत 71.76 लाख | सागर | 26323000 | 263230 | 15000 | 03 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | | 36023000 | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 03/10/2023 समय 10:00 से दिनांक 20/12/2023 समय 05:30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-21349/23

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.(भ./स.) संभाग क्र.1 सागर

## फूल-मालाओं से किया शहरवासियों ने स्वागत, डीजे पर थिरके समर्थक

# यादवेन्द्र सिंह के विधायक बनने के बाद समर्थकों ने निकाला जुलूस





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह की विधानसभा चुनाव के दौरान शानदार जीत का जश्न मनाने के बाद आज उनके समर्थकों ने शहर में भव्य जुलूस निकाला। इस दौरान बाजार सहित सारे शहर में लोगों ने श्री सिंह का जहां भव्य स्वागत किया, वहीं श्री सिंह ने भी शहर की जनता के प्रति आभार जताया। इस दौरान नगर की सड़कों पर युवाओं ने जमकर डांस किया और डीजे की धुनों पर युवा थिरकते नजर आए। यह जुलूस अंत में गांधी चौराहे पर आकर सभा के साथ समाप्त हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं नव निर्वाचित विधायक यादवेन्द्र सिंह ने शहरवाासियों के साथ ही गांव-गांव से आए लोगों का आभार व्यक्त किया। बताया गया है कि श्री सिंह ने निज निवास तालदरवाजा से जुलूस आरंभ हुआ। जुलूस वहां से तालदरवाजा होते हुए स्थानीय कटरा बाजार पहुंचा। जहां यह विजय रथ रैली नगर के सर्राफा मार्केट, नजाई मार्ग, सिंधी धर्मशाला, सैल सागर होते हुए गांधी चौराहा पहुंची। इस दौरान लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्टेट बैंक चौराहे पर श्री सिंह का तुलादान किया गया। इस अवसर पर बढ़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी मौजूद रहे। स्थानीय गांधी चौराहे पर सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। सभा का संचालन देवेन्द्र नापित ने किया। इस अवसर पर रवीन्द्र सिंह बुंदेला, आकाश सिंह, आकर्ष सिंह, भरत सोनी, देवेन्द्र भास्कर, लक्ष्मण रैकवार, अरविंद खटीक, रिंकू भदौरा, विजय भट्ट, बच्चू दाऊ, पप्पू दाऊ, निशांत राजा, रिंकू राजा, अंकित राजा, राजेन्द्र खरे बडागांव, महेश रैकवार, लकी बुंदेला, राम कुमार यादव, अनीस खान, जब्बार खान, डाक्टर इसरार, शफी मुहम्मद, राजाराम यादव, अमर यादव, लल्ला यादव, राहुल चौहान, बाबी भारती सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारपीट के 6 आरोपीगण को न्यायालय द्वारा भेजा गया जेल

# लुईस रीतेश , अखिलेश सहित 6 आरोपियों को चार-चार साल की कैद, अर्थदंड किया



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** न्यायालय उठने तक की सजा को अपर्याप्त मानकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में शरण लेकर न्याय की गुहार लगाने के बाद विजय तैवरैया के पक्ष में हुए फैसले का फरियादी सहित उनके परिजनों ने स्वागत किया है। बताया गया है कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आरोपियों को चार-चार साल की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया है। बताया गया है कि न्यायालय हितेन्द सिंह सिसोदियाए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ़ द्वारा जिन आरोपियों को सजा सुनाई गई है, उनमें गजेन्द्र उर्फ लुईस चौधरी, प्रदीप भदौरा, रीतेश भदौरा, अखिलेश सतभैया, शहजाद खान, तारुण सोनी सभी निवासीयान टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ के नाम शामिल हैं। उक्त मामले में जानकारी देते हुए मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ नर्मदांजलि दुबे ने बताया कि मामला थाना कोतवाली टीकमगढ़ से संबंधित था। उक्त मामले में फरियादी विजय तैवरैया द्वारा थाना कोतवाली जाकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई थी कि 18 अक्टूबर 2012 के दिन के करीबी 10-11 बजे पपौरा जी में मारपीट का विवाद हुआ था। उसी विवाद के रंजिश के चलते सभी 6 आरोपीगण शाम को लाठी डंडे लेकर फरियादी के घर के अंदर घुस आये और सभी आरोपीगण द्वारा फरियादी व उसके परिवारजन की मारपीट की, जिससे सभी लोगों को चोटें आई थीं। फरियादी विजय तेवरैया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली द्वारा मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट टीकमगढ द्वारा 09 नवम्बर 2021 को सभी 6 आरोपीगण को धारा 323, 149 भादवि में न्यायालय उठने तक की सजा एवं 1000 रूपये के जुर्माने से दंडित किया गया था। उक्त मामले की सजा को अपर्याप्त मानते हुए मामले की दांडिक अपील प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। अपील के दौरान अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य का पुनर्विलोकन एवं दोनों पक्ष के तर्क सुनने के पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा आज 08 नवम्बर 2023 को प्रत्येक आरोपी को धारा 458 भादवि के तहत 04-04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3-3 हजार रूपये के अर्थदण्ड तथा धारा 325,149 भादवि में 02-02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण के सभी 6 आरोपीगण को न्यायालय से जेल भेजा गया।

## सरकनपुर का पीड़ित परिवार पहुंचा एसपी ऑफिस, सौपा ज्ञापन

# राजीनामा करने बनाया जा रहा दवाब, दी जा रही धमकियां



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के खरगापुर थाना अंतर्गत आने वाले सरकनपुर निवासी एवं फरियादी दयाराम अहिरवार पिता बच्नू अहिरवार टीकमगढ़ एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां पर एडिशनल एसपी सीताराम सा सत्या को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि नीलेश यादव पिता राम यादव निवासी खरगापुरए दयाराम अहिरवार के घर पहुंचा और लोहे की पाइप से बार कर दिया। नितेश यादव ने कहा कि पिछला मामला जो तेरी बेटी के साथ चल रहा है, अगर उसका राजीनामा नहीं किया तो जान से मार दूंगा। आवेदन में लिखा है कि नीलेश यादव ने जाति सूचक गालियां दी और परिवार को लगातार मोबाइल फोन के माध्यम से धमकियां दी जा रही हैं। फरियादी दयाराम अहिरवार ने बताया कि नीलेश यादव के द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल कर रहा है और लगातार धमकी दे रहा है। जिसको लेकर फरियादी दयाराम अहिरवार के घर में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं घर छोड़ने को फरियादी मजबूर हो गया और वहां से दूसरे घर में निवास करने लगा, वहीं फरियादी का कहना है कि नीलेश यादव को गिरफ्तार किया जाए। जिसको लेकर आज टीकमगढ़ एसपी कार्यालय परिवार पहुंचा और एक ज्ञापन एडिशनल एसपी सीताराम सा सत्या को सौपा। वहीं जब इस मामले में खरगापुर थाना प्रभारी मुकेश शाक्य से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और विवेचना जारी है।

# लोक अदालत का आयोजन आज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आज 09 दिसंबर 2023 को नेशनल लोक अदालत लोक अदालत का सफल आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ हितेन्द्र सिंह सिसौदिया, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर टीकमगढ़ में प्रात: 10:30 बजे किया जाना है। जिसमें जनसामान्य सम्मिलित हो सकते है। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों का अधिक संख्या में निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय में राजीनामा योग्य लगभग 2600 रखे गये प्रकरणों एवं बैंक, नगर पालिका के लगभग प्रीलिटीगेशन 4000 के निराकरण हेतु सम्पूर्ण जिले में कुल 27 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिसमें मुख्यालय पर हितेन्द्र सिंह सिसौदिया, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की खण्डपीठ सहित 13 न्यायिक तथा एक पुलिस परामर्श केन्द्र एवं अध्यक्ष लोकोपयोगी सेवाओं के लिए लोक अदालत हेतु खण्डपीठों का गठन किया गया है। इसी प्रकार जतारा में 05 न्यायिक खण्डपीठ, निवाड़ी में 04 न्यायिक खण्डपीठ, 01 पुलिस परामर्श केन्द्र निवाड़ी हेतु खण्डपीठ एवं ओरछा में 02 न्यायिक खण्डपीठ का गठन किया गया है। गठित खण्डपीठों के माध्यम से न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक शमनीय मामले, चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दावा अधिकरण संबंधी मामले, विद्युत विवाद के प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरण, भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरण एवं समस्त प्रकार के सिविल प्रकरणों के साथ ही बैंक रिकवरी, नगर पालिका, जलकर, विद्युत संबंधी प्रीलिटीगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से सेल्फी प्वाइंट बनाकर उक्त लोक अदालत का व्यापक प्रचार किया जिससे कि आमजन को प्रोत्साहित हो। हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ एवं विनोद कुमार पाटीदार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ द्वारा सामान्यजन से अपील की गई है कि इच्छुक पक्षकार स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आयोजित नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक संख्या में अपने-अपने प्रकरणों का निराकरण कराकर लाभ उठावे।

## शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के रामराजा स्टेडियम में सीएम राइज विद्यालय के पास 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 16 से 19 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया है कि दिनांक 16 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा दिनांक 17 दिसंबर को देव आह्वान पूजन एवं यज्ञ, युग संगीत एवं उद्बोधन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा दिनांक 18 दिसंबर को यज्ञ एवं दीक्षा, पुंसवन संस्कार, कार्यकर्ता गोष्टी, युवा चेतना शिविर एवं विराट दीप महायज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी प्रकार दिनांक 19 दिसंबर को यज्ञ संस्कार पूर्ण आहुति एवं विदाई का कार्यक्रम प्रात: 8 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के द्वारा समूचे नगर समेत आसपास के क्षेत्र में चार दिवसीय आयोजित कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**पलेरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम घूरा में एक 32 वर्षीय युवक ने पेड़ से फांसी लगाते हुए अपनी जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरा गांव के रहने वाले नंद किशोर आदिवासी ने अज्ञात कारणों के चलते खेत पर लगे हुए पेड़ से फांसी लगाते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मौका नक्शा, पंचनामा इत्यादि तैयार करते हुए शव को पेड़ से उतारा। पुलिस के द्वारा मृतक के संबंध में घटना को लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों से जानकारी जुटाई गई।। फिलहाल पुलिस के द्वारा शव को पोस्ट मार्टम के लिए स्थानीय नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पीएम के उपरांत मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द करते हुए पुलिस अपनी कार्रवाई में जुट गई है।

## बेतरतीब खड़े रहते है दुपहिया वाहन

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं हैं पार्किंग की उचित व्यवस्था



**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों मौसमी बीमारी के चलते मरीजों की संख्या में इजाफा होने से मरीजों के परिजन भी बढ़ रहे हैं। जिसके चलते मरीजों के परिजनों की मोटर साइकिल एवं चौपहिया वाहन अस्पताल परिसर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं। जिसके चलते अस्पताल परिसर में आने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों के परिजनों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राउंड में मनमर्जी से मोटर साइकिलों की लाइन लगी रहती है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र से वाहन चोरी की घटनाएं होने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शांतिपूर्ण हुई अर्धवार्षिक परीक्षा



**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के शासकीय कन्या उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमीं से 12वीं तक अर्द्ध वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जा रही है। परीक्षा प्रभारी शिक्षक अय्यूब अली खान ने बताया कि कक्षा नवमीं से 12वीं तक दो पारियों में अर्द्ध वार्षिक परीक्षा आयोजित की गई है। जिसमें 811 छात्राएं-छात्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से अर्धवार्षिक परीक्षा विद्यालय में संपन्न कराई जा रही है।

# रिश्ते के भाई ने किया दुष्कर्म, पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म

**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम की कक्षा 10वीं की छात्रा के साथ आठनेर में रिश्ते के भाई ने दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा गर्भवती हो गई। डर के मारे पीड़िता ने घर पर यह बात किसी को नहीं बताई। अब छात्रा ने जिला अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया।

इस मामले में मुलताई पुलिस ने शून्य पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है एवं डायरी आठनेर पुलिस को भेजी है। पीड़िता ने बताया कि उसके घर के सामने आरोपी रहता है, वह रिश्ते में भाई लगता है। 20 मार्च 2023 को पीड़िता का 10वीं का आखरी पेपर था, पेपर देकर आने के बाद वह घर पर थी, तभी आरोपी की मां ने बोला कि उसके मायके में 2 तोते है एक तुम रख लेना एक हम रख लेंगे, तो मै भैया के साथ मोटर साइकल में बैठ कर चली गई, करीब दोपहर 1 बजे उनके गांव पहुंच गए, तो वहां आरोपी की मां की भाभी मिली, उन्होने बोला कि अभी मिठू लेकर नहीं आए है खेत पर ही है, बाद में लेकर जाना, तो हम लोग वहा से दोपहर करीब 3 बजे निकल गए।

रास्ते में आठनेर के पास गोरखनाथ मंदिर के पास ललित ने मोटर साइकल रोकी और मुझे मंदिर के पास के खेत में लेकर गया और मेरे साथ मेरी मर्जी के बिना गलत काम किया और बोला कि अगर घर पर बताया तो तेरी मां को जान से खत्म कर दूंगा, फिर उसके बाद मैं घर आ गई, डर के कारण किसी को नहीं बताया। उसके बाद कई बार जब मेरे घर पर कोई नहीं होता था तो आरोपी मुझे उसके घर लेकर जाता था और मेरे साथ गलत काम करता था और बोलता था कि अगर किसी को बताया तो तुझे और तेरी माँ को खत्म कर दूंगा। फिर 21 नवम्बर 23 को पीड़िता के पेट मे दर्द होने लगा, तो उसके नाना उसे बैतूल अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने बताया कि बच्चा होने वाला है, फिर 22 नवम्बर 23 को जिला अस्पताल में पीड़िता को लड़का हुआ। पीड़िता ने मां के साथ आकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 376 (2)(एन),376(3) आईपीसी 5(0)(3)/6 पोकसों एक्ट कायम किया है।

## पलेरा-जतारा मार्ग पर भीषण सड़क दुर्घटना

# मोटर साइकिल सवार की मौके पर मौत, महिला गंभीर



**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर क्षेत्र में वाहन चालकों की तेज रफ्तार धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर नागरिकों में चिंता देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर से 2 किलो मीटर की दूरी पर स्थित जतारा-पलेरा मार्ग के पटपरा तिगैला पर एक मोटर साइकिल तेज़ रफ़्तार चार पहिया वाहन से टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा मोटरसाइकिल पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने उक्त घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हुई महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। इस भीषण सड़क दुर्घटना में मृतक एवं गंभीर रूप से घायल महिला बैरवार गांव के बताए जा रहे हैं।

नेशनल लोक अदालत आज

# बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में राजीनामा के माध्यम से होगा निराकरण

**पन्ना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर 2023 को आयोजित की जाएगी। लोक अदालत में चिन्हित किए गए मुकदमा पूर्व और न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकरण के लिए रखा जाएगा। लोक अदालत में राशि वसूलीए श्रम और रोजगार संबंधी विवाद, बिजली, पानी के बिलों सहित अन्य बिल भुगतान, मेंटेनेंस और अन्य प्रकरणों को रखा जाएगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। जिसमें शासन द्वारा प्रदाय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार छूट प्रदाय की जायेगी। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल भुगतान, संपत्ति एवं जल करए उपभोक्ता प्रभार तथा अन्य करों के अधिभार के लिये शेष हैं। ऐसे उपभोक्ता नेशनल लोक अदालत के माध्यम से शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली छूट का लाभ ले सकते हैं। प्रिलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् छह माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी तरह न्यायालयीन लंबित प्रकरणों में कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छह माही चक्रवद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। लोक अदालत में छूट नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता या उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन अथवा संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि यदि कोई हो का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी या अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी या अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत अथवा अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता या उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। छूट मात्र नेशनल लोक अदालत के दिन यानि 9 दिसंबर 2023 के लिये लागू होगी। सामान्य विद्युत देयकों के विरुद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जायेगी।

# ईव्हीएम से नहीं बैलेट पेपर से कराए जाए चुनाव: टंडन



**दमोह देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले की चारो विधानसभा सीटो पर मिली पराजय को लेकर कांग्रेस के चारो प्रत्याशियों ब्लाक अध्यक्षों मंडलम सेक्टरों मोर्चा संगठनों विभागों प्रकोष्ठो के साथ जिला कांग्रेस कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि हमें हार स्वीकार है किन्तु ई.व्ही.एम. से होना वाला चुनाव स्वीकार नहीं। कार्यकर्ताओं ने मेहनत की है और जिन्होंने भी भीतरघात किया है उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। लोकसभा चुनाव को लेकर पी.एम. मोदी ने बुंदेलखंड को टारगेट करते हुए ऐसी मशीने सेट कि उमा भारती के भतीजे और बड़ा मल्हरा के भाजपा प्रत्याशियों को तो हरबा दिया वाकी जगह ऐसी मशीने सेट की उनके प्रत्याशी ही हतप्रभ रह गये कि इतनी जीत की तो उन्होंनें तो कल्पना भी नहीं की थी। दमोह कांग्रेस प्रत्याशी अयज टंडन ने कहा कि हार को देखकर निराशा नहीं है लेकिन प्रजातंत्र की हत्या हो रही है लेकिन प्रजातंत्र की हत्या से सामने भविष्य क्या बन रहा है उस बात की चिंता है वह जनता की सेवा उसी प्रकार करते रहेगे वह विपक्ष की भूमिका का निर्वाह भी पूर्व निष्ठा के साथ करेंगे। जबेरा प्रत्याशी प्रताप सिंह, हटा प्रदीप खटीक, पथरिया राव बृजेन्द्र सिंह से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष से आग्रह किया कि इस बैठक में यह प्रस्ताव डाला जाये कि लोकसभा चुनाव यदि ई.व्ही.एम. मशीन से होगे तो कांग्रेस कार्यकर्ता मत दान का बहिस्कार करेगे चुनाव बैलेट पेपर से कराये जाये। तेजीराम रोहित, सतीश जैन, संजय चौरसिया, कमलेश उपाध्याय, राजेश तिवारी, रजनी ठाकुर, हाकर्मा संग, अवधेष प्रताप, निधि श्रीवास्तव, कोमल अहिरवार, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, श्मीम कुरैशी, मंजीत यादव, शुभम तिवारी, अजय जाटव, पप्पू कसोटया ने कहा ई.व्ही.एम. मशीन इस तरह सेट की गई थी कि एक वटन पर 20 प्रतिशत बोट गिरती थी मतदान के 20-25 दिन बाद भी बैटरी का 99 प्रतिशत चार्ज होना भी संदिग्ध है इस अवसर पर जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों, मंडलम सेक्टर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# हिंडोरिया पुलिस ने अवैध शराब जप्त की, 2 आरोपी गिरफ्तार

दमोह देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी पथरिया के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नगर पुलिस ने हिंडोरिया चौराहे पर एक अल्टो कार में ले जा रही. दो पेटी अवैध शराब जप्त की, थाना प्रभारी महेंद्र कुमार जगेत ने बताया कि 7 दिसंबर की रात्रि में सूचना मिली कि एक ऑटो कार न. एमपी 49 सी 3706 में अवैध शराब जा रही है, पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा और दो पेटी देसी शराब जप्त की जिसकी कीमत 5000 रूपये है. कुल मशरूका ऑल्टो गाड़ी सहित एक लाख पांच हजार रुपए है. पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट 34 (2) का मामला पंजी. किया गया, मौके पर दो आरोपी महेश राय एवं शुभम राय को गिरफ्तार किया गया। उक्त करवाही में निरीक्षक महेंद्र कुमार जगेत,प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, प्रदीप जोशी, आरक्षक प्रशांत दुबे,महेंद्र कुमार,बाबू सिंह आदि की भूमिका रही।



# सियार के हमले में बच्ची घायल



**दमोह/हटा देशबन्धु।** हटा तहसील के मड़ियादो थाना अंतर्गत घोघरा गाँव में सियार के हमले से एक बच्ची घायल हो गयी घायल होने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार मोहनी पिता मानसिंह आदिवासी 10 वर्ष निवासी घोघरा अरहर के खेत में थी तभी अचानक सियार ने उस पर हमला कर दिया। बच्ची के चिल्लाने पर परिजन मोके पर पहुंचे और तत्काल ही 108 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल हटा ले कर पहुंचे जहा पर बच्ची का इलाज किया गया।

## कबड्डी का 2 दिवसीय आयोजन आज से

**दमोह देशबन्धु।** श्री शक्तिपुत्र महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष में कबड्डी का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी को आमंत्रित किया हैं दिनांक 9 दिसंबर 2023 से 10 दिसंबर 2023 तक समय सुबह 10 बजे से स्थान खेल परिषद एसपीएम नगर शनि मंदिर पुलिस लाइन दमोह में खेला जाएगा और जिसमें विजेता टीम को 5000 की नगद राशि और उपविजेता टीम को 3000 की नगद राशि दी जाएगी। जिसके मुख्य अतिथि सिद्धार्थ मलैया, पवन तिवारी, जयपाल यादव सरपंच, दौलत सिंह लोधी, लालजी यादव, टीकाराम यादव, राजू यादव, सुजान सिंह जबेरा, रामकृष्ण कुसमरिया, डबल भैया, चित्रा दीदी, गंगा यादव, इसके संयोजक गुरु कृपा क्लब दमोह के द्वारा किया जा रहा है। उपस्थिति की अपील गुरु कृपा क्लब के द्वारा की गई है।

## शुरू नहीं हो सकी कोटा-जबलपुर एक्सप्रेस

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** कोराना काल के समय 31 मार्च 2020 को देश भर में ट्रेनों का संचालन बंद हो गया उसके बाद जैसे जैसे स्थिति पटरी पर लौटी तो रेल्वे प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन बनाकर एक एक करके ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ लेकिन उसके बाद भी बीना कटनी रेल खंड में कोराना काल से बंद कोटा जबलपुर एक्सप्रेस का साढ़े 3 वर्ष बाद भी संचालन नही हुआ यह ट्रेन एक्सप्रेस भले रही पर हर स्टेशन पर स्टापेज होने से यात्रियों को सुविधा मिलने लगेगी सबसे ज्यादा कोटा में पढ़ने वाले बच्चों को इससे फायदा होगा।

# 17 खण्डपीठें करेंगी सुलह के आधार पर प्रकरणों का निराकरण

**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में आज 09 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी।

जिसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबिल इंस्टूमेन्ट एक्ट के अंतर्गत चौक बाउन्स प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य लंबित एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की सहमति एवं सुलह के आधार पर किया जायेगा। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अम्बुज पाण्डेय ने बताया कि उक्त नेशनल लोक अदालत के आयोजन हेतु जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा के लिये 01 न्यायाधीश एवं 01 सुलहकर्ता से गठित कुल 17 खण्डपीठों का गठन किया गया है। उन्होंने समस्त पक्षकारों से अपील की है कि वे 09 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण करने में सहयोग प्रदान कर नेशनल लोक अदालत के आयोजन में अपनी महती भूमिका अदा करें। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को विभागों द्वारा मिलने वाली छूट का लाभ नियमानुसार दिया जायेगा।

# द्रव्य सजाकर ले गये नैनागिर पंचकल्याणक महोत्सव में



**दमोह/हटा देशबन्धु।** विश्व विख्यात जैन तीर्थ नैनागिर में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव में हटा नगर से जैन युवा मिलन एवं जैन महिला मिलन के द्वारा अष्ट द्रव्य सजाकर ले जाया गया। गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के परम ससंघ सानिध्य में पंचकल्याणक महामहोत्सव चल रहा है, जहां देश के कोने कोने से श्रद्धालु पहुंच रहे है, इसी श्रंखला में हटा नगर से भी भक्तों के द्वारा अष्ट द्रव्य सजाकर ले गये, आयोजन स्थल पर पूर्ण सम्मान के साथ इस द्रव्य को मंच पर ले जाया गया जहां महोत्सव समिति के द्वारा सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जैन युवा मिलन के अध्यक्ष आदित्य एवं महिला मिलन की अध्यक्ष शोभना जैन ने गणाचार्य के दर्शन कर सातपुर पंचकल्याणक में हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर वंदना, अर्पणा, कविता अनीता, मीना, शिल्पी , मनोरमा, सिंधु, कल्पना, विद्या, प्रतिभा नीता आशा, नीलम, राजेश, विवेक, संजय, हर्ष आदि उपिस्थत रहे।

# जिला पंचायत सीईओ वर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

**दमोह देशबन्धु।** जिले में केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन आज 09 दिसम्बर को ग्राम नोहटा में हो रहा है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने ग्राम नोहटा पहुंचकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। इस मौके पर एसडीएम अविनाश रावत, सीईओ जनपद जबेरा रामेश्वर पटेल, तहसीलदार डॉ विवेक व्यास सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। सीईओ जिला पंचायत वर्मा ने केन्द्रीय योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों से चर्चा कर योजना से मिले लाभ के बारे में जानकारी ली। वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल जनपद पंचायत सामुदायिक भवन नोहटा का जायजा लिया और एसडीएम रावत एवं सीईओ जनपद पटेल को कार्यक्रम की व्यवस्थाओं आदि के संबंध में चर्चा कर निर्देश दिये। इस मौके पर पंचायत सरपंच के प्रतिनिधि यादव भी मौजूद थे। ज्ञातव्य है विकसित भारत संकल्प यात्रा यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवायेगी। मध्यप्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी।



# बाल श्रम मुक्त जनजागरण अभियान चलाया




**पन्ना, देशबन्धु।** श्रम विभाग द्वारा बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम अंतर्गत आज पवई में बाल श्रमिक संभावित संस्थान, ढाबा, गैराज और दुकानों का औचक निरीक्षण कर जनजागरण अभियान चलाया गया। अधिनियम के तहत गठित जिला टास्क फोर्स समिति के सदस्यों ने नियोजकों को बाल श्रम से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान कचरा बीनते पाए गए दो बच्चों के पालकों से संपर्क कर बाल कल्याण समिति के माध्यम से सुपुर्द किया गया। श्रम निरीक्षक भूपेन्द्र बंजारे, वेदमणि दाहिया सहित पुलिस विभाग से राघवेन्द्र त्रिपाठी, शिक्षा विभाग से शक्ति सिंह गौतम, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. डीके गुप्ता और समाज सेवी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# दिव्यांग छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**पन्ना, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा विशेष दिव्यांग सप्ताह अंतर्गत शुक्रवार को दिव्यांग छात्रावास पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी ने दिव्यांग बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य और दिव्यांगजनों से संबंधित अधिनियम के प्रावधानों, दिव्यांगों के अधिकार और योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते सहित छात्रावास प्रबंधक विद्याधर गौतम, शिक्षक आशीष सोनी एवं विकास पटेल, केयरटेकर ललिता लोधी व प्राधिकरण के कर्मचारी खुर्शीद अहमद उपस्थित रहे।

# मनरेगा योजना: अधिकारी-कर्मचारियों के लिए वरदान साबित

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** केद्र सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के परिवार के लोगों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध मुहैया कराना ताकि ग्रामीणों को अपने ग्राम में ही रोजगार उपलब्ध हो पर योजना का किस तरह माखौल उड़ाया जा रहा है इसका सही नजारा शाम को जबलपुर निजामुद्दीन ट्रेन के समय स्टेशन पर देख सकते है जहां मजदूरों को अपने ग्राम में काम नही मिलने के कारण दिल्ली हरियाणा नोएडा जाना पड़ रहा है लेकिन रिकार्ड की बात करें तो भलें काम मशीनों से हो रहा है पर वाकयदा मस्टर रोल चल रहे मजदूरों से काम हो रहा उनका भुगतान किया जा रहा है जिससे शासन की नजर में तो सब सही चल रहा पर हकीकत जानने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में जाकर व स्टेशन पर देखने को मिलता है जहां मजदूर अपने परिवार सहित अपने ग्राम से पलायन कर रोजगार के लिए घर से बाहर जा रहें जनप्रतिनिधि चुनाव के समय अपने ग्राम के लोगों को मतदान के लिए बुलाते हैं उसके बदले टिकट सहित खर्चा देते हैं कि आकर अपने पक्ष में मतदान करवा लें पर उसके बाद यह नही सोचते हैं कि अब उनको रोजगार भी यही उपलब्ध करा दें ताकि अब अपने ग्राम में ही रहें। निचले स्तर से लेकर ऊपर तक सबको जानकारी है कि योजना किस तरह संचालन हो रहा है पर सब अपने अपने हिसाब किताब लगाकर योजना को दौड़ा रहे हैं शासन भी कागजों पर विश्वास करता है जिस पर पूरी तरह संचालन हो रहा अब वह मजदूर कौन है किसके घर परिवार के खातों में पैसा जा रहा इसकी कभी कोई जांच नही करता जिसमें नाम किसी का खाताधारक कोई और मजदूर ऐसे मस्टर रोल पर है जिनको ग्राम के लोगों द्वारा कभी मजदूरी करते नही देखा होगा पर कौन करें निगरानी कौन करें सत्य की जांच जब सबकी सहमति से पूरा खेल चल रहा और बंदरबांट हो रहा है तो बिना डर के योजनाओं को क्रियान्वित करते जाओ और लाभ कमाते जाओ योजना में जो राशि दी जाती है उसके हिसाब से सबका अपना अपना फिक्स है काम 50 प्रतिशत का हो जाए तो बहुत है क्योंकि जो काम कराये उसको राशि जितनी मिलेगी उसके दायरे में ही तो काम होगा। मनरेगा के हाल ऐसे हैं कि मजदूरों का पैसा तो जल्दी मिल जाता पर सामग्री के लिए महीनों तो कहीं कहीं सालों इंतजार करना पड़ता है उसमें भी पैसा तभी मिलता है जब सब कुछ परिभाषा समझ लें कि कैसे भुगतान होगा। ऐसे में योजना का क्या जो मजदूरों के नाम पर चल रही और संपन्न लोगों को लाभ मिल रहा मतलब शासन की राशि फ्री में बिना काम किए मिलती रहें तो मजदूर बनने में क्या गुनाह हैं बना लो। क्या शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी निष्पक्ष जांच कराकर ऐसी योजना की हकीकत का अध्ययन कर जनता के सामने ला पायेंगे। ऐसी जनापेक्षा है।

# मॉक पोल के मतों को बिना घटाये कराया गया मतदान, शिकायत के बाद भी नही कराई वीवी पेड की गिनती: सुरेन्द्र चौधरी

**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य से प्रमाण सहित शिकायत करते हुये मतगणना में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन न करने व मतगणना में बरती गईं अनियमित्ताओं की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

श्री चौधरी ने जिला निर्वाचन से की गई शिकायत में कहा हैं कि विगत 3 दिसम्बर को इंजीनियरिंग कॉलेज सागर में नरयावली विधानसभा क्षेत्र 40 की संपन्न हुई मतगणना में गंभीर अनियमित्ता बरती गई हैं। जिसमें मतदान केंद्र क्रमांक 64 गिदवानी के मतदान केंद्र पर मतदान 17 नबम्बर को किये गये मॉक पोल के मतों का बिना सीआरसी के ही मतदान कराया गया तथा मतदान की समाप्ति पर मतदान से अधिक मत की संख्या वोटिंग मशीन में आने पर कांग्रेस पार्टी के मतदान अभिकर्ता के द्वारा पीठासीन अधिकारी से आपत्ति दर्ज कराई गई थी जिसे मतो का लेखा प्रारूप 17 (ग) के पिछले भाग 2 पर भी दर्ज किया गया तथा मेरे निर्वाचन अभिकर्ता अशरफ खान के द्वारा मतदान दिनांक को ही नरयावली विधान सभा के सहायक निर्वाचन अधिकारी रोहित रघुवंशी से उक्त मतदान केंद्र 64 पर



मार्क पोल के मत ना घटाए जाने की शिकायत की गई थी जिस पर उनके द्वारा मतगणना के समय मतदान केंद्र क्रमांक 64 के वीवी पेड की भी गिनती कराये जाने की बात कही गई थी। श्री चौधरी ने कहा कि 29 नबम्बर को दीपक आर्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सागर के द्वारा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिलें भर के अभ्यार्थियों व निर्वाचन अभिकर्ताओं की ली गई बैठक में मेरे साथ शामिल हुये चुनाव अभिकर्ता अशरफ खान के द्वारा बैठक में मतदान केंद्र क्रमांक 64 गिदवानी में 50 मत अधिक होने व मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी के द्वारा मतदान के समय सीआरसी न करने की जानकारी दी गई थी बावजूद इसके इंजीनियरिंग कॉलेज सागर में 3 दिसंबर को हुई मतगणना के दौरान उक्त मतदान केंद्र क्रमांक 64 गिदवानी के वीवी पेड की गिनती नहीं की गई जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों की खुली अवहेलना के साथ ही गंभीर अनियमित्ता और मतगणना की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगाता हैं। कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ने जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र निर्वाचन आयोग को भी शिकायत कर 40 नरयावली विधानसभा की मतगणना में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन ना कर वरती गईं अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

# डॉ. गौर ने मानव अधिकार और शिक्षा से समाज विकास की नई राह दी: प्रो. कुमरेश



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की गौर पीठ में व्याख्यान माला के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें आमंत्रित वक्ता के रूप में भोपाल के बरकतउल्लाह विवि के समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. कुमरेश कश्यप ने अपने विचार रखे। प्रो. कश्यप ने कहा कि डॉ. गौर ने शिक्षा और मानव अधिकार की जागरूकता से प्रगति की नई राहें दिखाई। शिक्षा और सामाजिक विकास के परिप्रेक्ष्य में भूमिका निर्वाह पर प्रकाश डाला। सामाजिक विकास के नये आयामों पर चर्चा करते हुए कहा कि सीख के साथ काम करने के लिए भी हमको तैयार रहना चाहिए। गौर पीठ समन्वयक प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि डॉ. गौर के विराट व्यक्तित्व से हम सबको सदा सीखना है। मानव अधिकार, आत्मविश्वास और जागरूकता से श्रेष्ठ होने की गति तेज करना चाहिए। खुद को सदा सीखने की राह पर सजग रखें और कर्मवीर बनें। डॉ. राजपूत ने डॉ. कश्यप को डॉ. गौर की जीवनी भेंट की। कार्यक्रम में विभागीय शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# चोरी की बाइक सहित आरोपित गिरफ्तार



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चोरी गई मोटरसाइकिलों के साथ आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चोरी की शिकायतें आवेदको ने दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस लगातार आरोपितो का पता लगा रहीं थीं। मुखबिरों को भी अलर्ट कर दिया गया था। थाना प्रभारी अजयप्रताप सिंह भदोरिया की टीम ने मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने के लिए फिल्मी स्टाइल में जाल बिछाया और दो आरोपी अखिलेश और संदीप अहिरवार निवासी बहादुरपुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पूछताछ के दौरान तीन और मोटरसाइकिल अपने घर के पास छुपाकर रखना कबूल किया। इस प्रकार पुलिस ने पांच मोटरसाइकिल बरामद की। जिसकी कीमत लगभग 3 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। एक मोटरसाइकिल हिरनखेड़ा, दो मोटरसाइकिल त्योंदा, दो मोटरसाइकिल जाजोन से चोरों ने चोरी करना बताया। आरोपितो ने मोटरसाइकिलों के नंबर, इंजन नंबर, चेचिस नंबर, मिटाना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी गई पांच मोटरसाइकिल समेत आरोपितो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# मंदिर के पास खोली मीट की दुकान, हिंदू संगठन के कार्यकर्ता बिफरे, प्रशासन ने बंद कराई दुकान

**बीना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन रोड़ पर पुरानी पंजाब नेशनल बैंक के सामने प्राचीन हनुमान जी का मंदिर है। हनुमान मंदिर से महज 70 मीटर की दूरी पर चिकन प्वाइंट खुलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे। दुकान खुलने की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और दुकान को बंद कराया गया। बीना के स्टेशन रोड पर प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार को चिकन प्वाइंट की दुकान का शुभारंभ होने जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद विश्व हिंदू परिषद, श्री नरसिंह हिंदू संगठन, हिंदू जागरण मंच, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति और धर्म जागरण मंच के लोगों ने दुकान खुलने का विरोध किया। दुकान खुलने की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका सहित पुलिस का अमला मौके पर पहुंच गया। प्रशासन ने दुकान को बंद करा दिया।



विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विकास राजपूत ने बताया कि मंदिर से कुछ दूरी पर ही चिकन प्वाइंट की दुकान खुलने जा रही थी, जिसका शुरू से ही हिंदू संगठन विरोध कर रहे थे, लेकिन इसके बाद भी दुकान को नियम विरोध तरीके से खोला जा रहा था। यह हनुमान मंदिर जो एक प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर है, जिसके प्रति लोगों की आस्था है और धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई है। दुकान खुलने की जानकारी मिलने के बाद हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन की मदद से दुकान को बंद कराया। बीना थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि मंदिर के पास जो मीट की दुकान खुलने जा रही थी वह मंदिर से महज 70 मीटर की दूरी पर स्थित थी। मीट की नई दुकान का उद्घाटन होने वाला था। इस संबंध में हिंदू संगठन के सदस्यों द्वारा लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। उसकी जांच के लिए मौके पर नगर पालिका और पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर वहां पर कार्यवाही की, पंचनामा तैयार किया और उसकी दुकान को बंद करा दिया गया। इस अवसर पर विकास राजपूत, एड. हेमंत सिंह लोधी, सौरभ बैरागी, अभिषेक राय, निखिल पाठक, शिवम पाठक, राजेंद्र यादव, शुभम रजक, राहुल जैन, ऋषि तिवारी, सुरेंद्र सेन, कुलदीप दुबे, सोनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन कराया एवं गरम कपड़े प्रदान किये



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेन्द्र जैन की धर्मपत्नि अनुश्री जैन ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को भोजन कराया एवं ठंड से बचाव के लिये गरम कपड़े स्वेटर आदि प्रदान किये। इस दौरान वृद्धजनों के चहरे पर मुस्कान देखने को मिली एवं वृद्धजनों ने अनुश्री जैन को सहज की गले से लगा लिया। श्रीमति जैन ने कहा कि आप सभी मेरा परिवार है आपके साथ समय व्यतीत करने से जो आनंद की अनुभूति होती है उसे शब्दों में बया नहीं किया जा सकता है। जब भी में यहां आती हूं आप सभी से मुझे अपार स्नेह एवं आशीर्वाद मिलता है। आप लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो आप अवगत कराये, यथासंभव आपकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर अत्योदय समिति की अध्यक्ष प्रतिभा चौबे, पार्षद मेघा दुबे उपस्थित रही।

# बेस्ट जोन वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सागर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के तत्वाधान में ज्ञान सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट सागर में बेस्ट जोन वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में 80 विश्वविद्यालयों के लगभग 1000 महिला प्रतिभागी भाग लेने उपस्थित हुये। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीसी शर्मा जिला पंचायत सीईओ सागर, विशिष्ट अतिथि रामविनय करसोलिया, चैयरमेन ऑफ श्री राम इंजीनियरिंग ग्रुप जबलपुर, हरिसिंह चौहान, सचिव, मप्र वालीबॉल एसोसिऐशन, पवन शर्मा असिस्टेंट प्रो. माधवराव सिंधिया कॉलेज ग्वालियर, डॉ. सुभाष हार्डिकर,



वरिष्ठ खेल अधिकारी, डायरेक्टर ज्ञान सागर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन इंजी. रितुल सराफ, इंजी. राहुल जैन, इंजी. अर्चित जैन, प्राचार्य डॉ. आरके जैन, रजिस्ट्रार सुलभ जैन ने दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में ज्ञान सागर ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन्स की छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। इस प्रतियोगिता के पहले दिन कुल 28 मैंच खेले गये। जिनमें सरदार पटेल विवि गुजरात ने चरूतर विद्यामण्डल विवि गुजरात को, मोहनलाल सुखादिया विवि उदयपुर ने वीर नर्मद साउथ गुजरात विवि को, पारूल विवि गुजरात ने महाराजा सायाजी राव विवि बडौदरा को, दीनदयाल उपाध्याय विवि सीकर ने अहमदाबाद विवि को, गुजरात विद्यापीठ विवि अहमदाबाद ने मारवाड़ी विवि राजकोट गुजरात को, एपीएस विवि रीवा ने वनस्थली विद्यापीठ विवि राजस्थान को, स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट विवि देशर ने जयनारायण व्यास विवि जोतपुर को, हेमचंद्राचार्य नोर्थ गुजरात ने श्री गोविंद गुरू विवि गौधरा को, रानी दुर्गावती विवि जबलपुर ने सौराष्ट्र विवि राजकोट को, महाराजा कृष्णकुमार सिंह विवि भावनगर ने निरमा विवि गुजरात को, राजस्थान विवि ने डीएव्हीव्ही विवि इंदौर का एवं राजा शंकरशाह विवि छिंदवाडा ने एमसीवी विवि छतरपुर को हराकर अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया। मुख्य अतिथि पीसी शर्मा ने कहा कि आज बेटियां सभी क्षेत्रों में देश एवं समाज का नाम रोशन कर रहीं है। प्राचार्य डॉ. आरके जैन ने स्वागत भाषण के साथ-साथ कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा के बारे में बताया। डायरेक्टर इंजी. रितुल सराफ ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम में अनिल चौबे, अंकित पाराशर, अब्दुल कादिर, आयुष अवस्थी, दीपक राजपूत, सचिन चैरसिया, विवेक तिवारी, गोविंद कुर्मी, ललित चैरसिया एवं समस्त ज्ञान सागर स्टॉफ ने प्रतिभागियों को बधाई एवं जीत की शुभकामनाऐं दी।

## एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आज

**सागर, देशबन्धु।** अभियोजन अधिकारियों की व्यावसायिक कार्य दक्षता संवर्धन एवं आपराधिक प्रकरणों में उत्कृष्ट विवेचना एवं समंस की समय सीमा में तामीली विषय पर जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी सागर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें संचालक पुलिस महानिदेशक श्रीमती सुषमा सिंह साइबर अपराध विषय पर व्याख्यान देगी। अभियोजन अधिकारी अमित जैन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन सागर में किया जा रहा है जिसमें संचालक पुलिस महानिदेशक सुषमा सिंह द्वारा मप्र से आए सभी अभियोजन अधिकारियों को व्यावसायिक कार्य अध्यक्षता संवर्धन एवं आपराधिक प्रकरणों में उत्कृष्ट विवेचना एवं समंस की समय सीमा में तामीली विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ आज प्रात: 9 बजे से 10 बजे के बीच रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से प्रारंभ होगा तत्पश्चात 10 बजे संचालक पुलिस महानिदेशक सुषमा सिंह द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। जिसमें आईजी सागर प्रमोद वर्मा, कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, रसना सिंह कमांडेंट उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में नीलेश निमजे वैज्ञानिक अधिकारी सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट सागर द्वारा घटना स्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य की संकलन विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। इसी प्रकार नितेश कृष्णन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी उज्जैन द्वारा एनडीपीएस विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। समंस की समय सीमा में शामिल हेतु व्हाट्सएप ग्रुप निर्माण विषय पर अमित शुक्ला सहायक जिला आलोक अभियोजन अधिकारी रायसेन द्वारा विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम कार्यशाला के समापन के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सुषमा सिंह द्वारा प्रमाण पत्र वितरण एवं समापन उद्बोधन प्रस्तुत किया जाएगा।

## नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण कल

**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कोर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण कल 10 दिसम्बर को सुबह 10 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन सागर में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 10 से 12 नि:शुल्क शतरंज खेल खेला जाएगा और प्रशिक्षण डॉ. नीना गिडियन स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय सागर के मुख्य अतिथ्य में दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चों की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो सके।

# महापौर ने नि:शुल्क आत्मनिर्भर सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया



**सागर, देशबन्धु।** महापौर संगीता तिवारी ने शुक्रवार को गुरुगोविंद सिंह वार्ड में नि:शुल्क आत्मनिर्भर सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण केंद्र देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर प्रतिभा तिवारी, महेश जाटव, पार्षद शशि जाटव, अनिल सेन, सुमन तिवारी, सुलोचना यादव सहित मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





# इंडिया रुटीम ट्राइल के लिए क्वालीफाई हुए निशानेबाज खिलाड़ी अनन्या रोहिताश एवं ग्रीष्मा चाटला

**सागर, देशबन्धु।** अभिनेश राइफल शूंटिंग अकैडमी से 6 खिलाड़ियों का सिलेक्शन 66 नेशनल चैंपियनशिप राइफल शूटिंग प्रतियोगता मे हुआ था, जिसमें पूरे भारत के कोने-कोने से राइफल में लगभग 11000 खिलाड़ीयों ने भाग लिया है। जो 15 नवंबर से 3 दिसंबर तक दिल्ली में डॉ. करनी सिंह शूटिंग रेंज में राइफल मैच अयोजित हुए। अकादमी से अनन्या रोहिताश ने सब यूथ कैटेगरी में 654 में से 603.6 का स्कोर एवं ग्रीष्मा चाटला ने यूथ कैटेगरी में 604.7 का स्कोर कर इंडिया टीम ट्राइल्स के लिए क्वालीफाई कर लिए और वही अभिनेश राइफल शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी गौरवी पाराशर, संस्कृति सोनी, वरुण कन्वेयर, कृष ठाकुर, कुछ पॉइंट से इंडिया टीम ट्रेल्स के लिए चूक गये। अनन्या रोहिताश एवं ग्रीष्मा चाटला राइफल शूटिंग में करीब 7 घंटो का अभ्यास करते है दोनों ही खिलाड़ी कड़ी मेहनत के साथ भविष्य में सागर जिले का बनेंगे। इस प्रतियोगता में पूरे भारत से खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इंडिया टीम क्वालिफाई करने के बाद इंटरनेशनल मैच और वर्ल्ड कप के लिए चयन होगा। इंडिया टीम ट्राइल्स का मैच जनवरी माह से शुरू होगे जो दिल्ली या भोपाल में आयोजित होगे। इस उपलब्धि पर मप्र स्टेट राइफल एसोसिएशन के महासचिव राकेश गुप्ता, जूरी प्रियांशी गुप्ता एवं राइफल शूटिंग अकादमी के कोच अभिनेश अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकमनाएं दी है।

# छात्रों को एनडीआरएफने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**बीना/खुरई, देशबन्धु।** आपदा जोखिम नियुनिकरण मुहिम के अंतर्गत आपदाओं से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें लगातार प्रशिक्षण प्रदान कर रही है साथ ही शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का भी आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिन्नोद बीना व जवाहर नवोदय विद्यालय खुरई में 11 बटालियन एनडीआरफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में एवं इंस्पेक्टर जीडी बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआरए गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशमन और आग से बचाव की तकनीक, रस्सी बचाव तकनीक, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस राफ्ट बनाना, सड़क सुरक्षा आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कोरोना के नए वेरिएंट से बचने के लिए कोविड प्रोटोकोल का पालन करने संबंधित तरीकों की जानकारी भी दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य दिनेश चौबे व जवाहर नवोदय विद्यालय खुरई प्रधानाचार्य वाईएस भदौरिया ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है और आपदा प्रबंधन में सक्षम बनाने का सफल प्रयास है। इस कार्यक्रम से शिक्षण संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं, अध्यापक व स्कूल के अन्य कर्मचारी भी लाभान्वित होंगे और आपदा के समय अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।





स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।